शनिवार, 26 जुलाई 2025

**मौसम**

तापमान 27 – 30
आर्द्रता 93%
सूर्योदय: 5:05 सूर्यास्त: 18:20

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

भारत-मालदीव संबंधों की जड़ें सागर जितनी गहरी: प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : परम रहस्य केवल उन्हीं के लिए खुलते हैं जिनमें अपार धैर्य होता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# संसद में मानसून सत्र का पहला सप्ताह चढ़ा हंगामे की भेंट

## अगले हफ्ते कामकाज होने के आसार

■ संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन, एसआईआर लिखे पोस्टर फाड़कर कूड़ेदान में डाले

■ स्पीकर ओम बिरला ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, विपक्ष बोला- कोई नतीजा नहीं निकला

**नयी दिल्ली :** संसद के मानसून सत्र में शुक्रवार को भी विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत कई मुद्दों पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चलने दिया। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई, जबकि राज्यसभा की बैठक भी 12 बजे के बाद स्थगित कर दी गई। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष और विपक्ष की बैठक में यह सहमति बनी कि सोमवार से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जाएगी। कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने जानकारी दी कि अगले सप्ताह लोकसभा और राज्यसभा में पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी।विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा में एसआईआर वापस लो के नारे लगाए। अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर निराशा जताते हुए कहा कि यह व्यवधान नियोजित तरीके से किया जा रहा है और यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुकूल नहीं है। इस दौरान कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा विधानसभा सीटों में अनुसूचित जनजाति आरक्षण से जुड़े एक विधेयक पर चर्चा की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं थमने पर कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### चुनाव आयोग ने प्रक्रिया को बताया पारदर्शी

सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सहमति जताई है। सूत्रों के मुताबिक, 28 जुलाई को लोकसभा में इस मुद्दे पर बहस हो सकती है। हालांकि, बिहार वोटर लिस्ट संशोधन पर सरकार और चुनाव आयोग का कहना है कि यह अभियान अवैध और डुप्लिकेट वोटरों को हटाने के लिए जरूरी है। चुनाव आयोग ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा है कि इसका मकसद स्वच्छ मतदाता सूची सुनिश्चित करना है। पक्षी सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में कई बार स्थगन प्रस्ताव और नियम 267 के तहत नोटिस देकर इन मुद्दों पर चर्चा की मांग की है, लेकिन हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है।

## विद्यार्थियों की आत्महत्या: युवाओं की लगातार जान जाना व्यवस्थागत विफलता को दर्शाता है : शीर्ष अदालत

■ शैक्षिक संस्थानों में आत्महत्याओं से निपटने के लिये शीर्ष अदालत ने देशव्यापी दिशानिर्देश जारी किए (पृष्ठ 7)

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि आत्महत्याओं के कारण युवाओं की लगातार जान जाना 'व्यवस्थागत विफलता' को दर्शाता है और इस मुद्दे को 'अनदेखा नहीं किया जा सकता'। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर कई दिशानिर्देश पारित किए और कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा 2022 में 'भारत में आकस्मिक मौतें और आत्महत्याएं' शीर्षक से प्रकाशित आंकड़े 'बेहद चिंताजनक तस्वीर' पेश करते हैं। पीठ ने कहा, ''युवाओं की लगातार जा रही जान, जो अक्सर अनदेखे मनोवैज्ञानिक संकट, शैक्षिक बोझ, सामाजिक कलंक और संस्थागत असंवेदनशीलता जैसे रोके जा सकने वाले कारणों से होती है, एक प्रणालीगत विफलता को दर्शाती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।'' भारत में 2022 में आत्महत्या के 1,70,924 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 7.6 प्रतिशत, यानी लगभग 13,044, विद्यार्थियों द्वारा की गई आत्महत्याएं थीं। पीठ ने कहा कि उल्लेखनीय रूप से इनमें से 2,248 मौतें सीधे तौर पर परीक्षाओं में असफलता के कारण हुईं। एनसीआरबी के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि पिछले दो दशकों में विद्यार्थियों में आत्महत्या की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2001 में 5,425 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की लेकिन यह आंकड़ा 2022 में बढ़कर 13,044 हो गया। पीठ ने कहा, ''स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, कॉलेजों और प्रशिक्षण केंद्रों सहित शैक्षिक संस्थानों में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, हम देश भर के शैक्षिक संस्थानों में छात्रों को प्रभावित कर रहे मानसिक स्वास्थ्य संकट की गंभीरता को स्वीकार करने और उसका समाधान करने के लिए बाध्य महसूस करते हैं।''

## प्रधानमंत्री मोदी में दम नहीं है: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई बार मिल चुके हैं और उनमें कोई दम नहीं है। उन्होंने कांग्रेस 'ओबसी भागीदारी न्याय सम्मेलन' में यह टिप्पणी की। राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान जब यह सवाल किया कि देश में सबसे बड़ी समस्या क्या हैं तो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने प्रधानमंत्री का नाम लिया। इस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मीडिया वालों ने सिर्फ गुब्बारा बना रखा है। मैं उनसे मिल चुका हूं, उनके साथ कमरे में बैठा हूं। बस 'शो' हैं, कोई दम नहीं है।''

## न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के एक संदिग्ध मामले में आरोप का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश के पद से हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा। रीजीजू ने कहा कि न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी दलों ने एकजुट होकर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यसभा में इसी तरह के प्रस्ताव के लिए विपक्ष के नोटिस को उच्च सदन में स्वीकार नहीं किया गया, जिससे निचले सदन के लिए यह प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वर्मा के खिलाफ आरोप की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा तीन सदस्यीय अन्वेषण समिति की घोषणा किये जाने की उम्मीद है।

## केंद्र की आपत्ति के बाद राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक ममता सरकार को वापस भेजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार के पास विचार के लिए वापस भेज दिया है, क्योंकि केंद्र ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों को लेकर गंभीर आपत्तियां जताई हैं। राजभवन के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि केंद्र ने अपने अवलोकन में पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, बीएनएस की कई धाराओं के तहत दुष्कर्म के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है, जो 'अत्यधिक कठोर और असंगत' हैं। बता दें कि विधेयक में दुष्कर्म के लिए सजा को बीएनएस के तहत मौजूदा न्यूनतम 10 वर्ष से बढ़ाकर शेष जीवन के लिए आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रस्ताव किया गया है। सूत्र ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विधेयक के कई प्रावधानों को समस्या पैदा करने वाला बताया है। गृह मंत्रालय की टिप्पणी पर गौर करने के बाद राज्यपाल ने उन्हें उचित विचार के लिए राज्य सरकार के पास भेज दिया है। उसने गृह मंत्रालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र ने दुष्कर्म के लिए सजा को न्यूनतम 10 वर्ष से बढ़ाकर दोषी के शेष जीवन के लिए आजीवन कारावास या मृत्युदंड करने के लिए बीएनएस की धारा 64 में संशोधन के प्रस्ताव को अत्यधिक कठोर और असंगत बताया है। अन्य विवादास्पद बदलाव धारा 65 को हटाने का प्रस्ताव है, जो वर्तमान में 16 और 12 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के साथ दुष्कर्म के लिए कठोर दंड का प्रावधान करता है। हालांकि, सबसे अधिक आलोचना धारा 66 के अंतर्गत आने वाले खंड की हो रही है, जिसमें दुष्कर्म के उन मामलों में मृत्युदंड को अनिवार्य बनाने का प्रयास किया गया है, जहां पीड़िता की या तो मृत्यु हो जाती है या वह निरंतर वानस्पतिक अवस्था में रहती है। सूत्र ने कहा कि मंत्रालय ने संवैधानिक चिंताएं उठाते हुए तर्क दिया है कि सजा सुनाने में न्यायिक विवेकाधिकार को हटाना स्थापित कानूनी मानदंडों और उच्चतम न्यायालय के फैसलों का उल्लंघन है।

## रोगियों को एटीएम मशीन समझने लगे हैं निजी अस्पताल: इलाहबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रोगियों के साथ एटीएम मशीन जैसा व्यवहार किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है और एक गर्भवती महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई के विरुद्ध चिकित्सक की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने कहा कि आजकल नर्सिंग होम और अस्पतालों में अपर्याप्त चिकित्सकों या बुनियादी ढांचे के बावजूद मरीजों को इलाज के लिए लुभाना आम बात हो गई है। अदालत ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं ने मरीजों से पैसे ऐंठने के लिए उन्हें गिनी पिग/एटीएम मशीन की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

## पुरानी इमारतें बन रहीं खतरा, मेयर बोले- तुरंत गिराए जाएंगे मकान

■ 7 नंबर बड़तल्ला स्ट्रीट की इमारत जल्द होगी ध्वस्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम ने पुराने शहर क्षेत्रों में खतरनाक इमारतों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अब सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति नहीं की जाएगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर ऐसी इमारतों को तुरंत ढहा दिया जाएगा। नगर निगम के मासिक अधिवेशन में मेयर फिरहाद हकीम ने साफ शब्दों में कहा कि निगम अब और देर नहीं करेगा, क्योंकि यह जनता की जान का सवाल है।

वार्ड 22 की पार्षद मीना देवी पुरोहित द्वारा बड़ाबाजार इलाके के 7 नंबर बड़तल्ला स्ट्रीट स्थित सात अति जर्जर मकानों का मुद्दा उठाए जाने के बाद मेयर ने आश्वासन दिया कि इन भवनों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन इमारतों की हालत इतनी खराब है कि किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना हो सकती है और निगम अब हादसे का इंतजार नहीं करेगा। मेयर ने यह भी माना कि कई बार निगम की कार्रवाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर या कानूनी पेचों में अटक जाती है। लेकिन इस बार निगम पुलिस और कानूनी विशेषज्ञों की मदद लेकर ऐसे अवरोधों को पार करेगा। उन्होंने कहा, जहां भी जरूरी होगा, पुलिस की मौजूदगी में हम खुद भवन गिराएंगे।

अधिवेशन में पार्षद ने बताया कि कई खतरनाक इमारतों में अभी भी लोग रह रहे हैं और व्यापारिक गतिविधियां भी जारी हैं, जिससे न सिर्फ वहां रहने वालों, बल्कि आसपास के लोगों की जान को भी खतरा है। मेयर ने पार्षद की बात से सहमति जताते हुए भरोसा दिया कि अब निगम ऐसे मामलों में त्वरित और ठोस कदम उठाएगा। नगर निगम ने पुराने क्षेत्रों जैसे बड़ाबाजार, बहुबाजार, सेंट्रल एवेन्यू और पोस्ता में स्थित जर्जर इमारतों की नई सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में इन इमारतों को नोटिस भेजे जाएंगे। अगर मकान मालिक समय पर मरम्मत नहीं कराते या भवन खाली नहीं करते, तो निगम सीधे तौर पर भवन को गिराने की कार्रवाई करेगा।

मेयर हकीम ने अंत में कहा, हमारी प्राथमिकता है शहरवासियों की सुरक्षा। यदि कोई भवन जान के लिए खतरा बन चुका है, तो हम किसी भी हालत में कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।

## गेमिंग ऐप में चैट सुविधा का इस्तेमाल आतंकवादी समूह आपस में संवाद के लिए कर रहे : अधिकारी

**श्रीनगर :** पबजी जैसे ऑनलाइन खेल में गुमनाम या अन्य साथियों के साथ बातचीत की आवश्यकता होती है और अब इन खेलों की यही विशेषता आतंकवादी समूहों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने सदस्यों से संवाद करने के प्रमुख संचार माध्यम में बदल गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, सीमा पार सक्रिय आतंकवादी समूह सोशल मीडिया और संचार के पारंपरिक माध्यमों को दरकिनार कर सुरक्षा एजेंसियों की नज़र से बचने की कोशिश करते हैं, इसलिए वे इस आभासी युद्धक्षेत्र को असली में युद्ध के संवाद के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे चार मामलों की पहचान की गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी, सेना को बहुत उच्च स्तर की तैयारी रखनी चाहिए: सीडीएस

**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है और देश को चौबीस घंटे व पूरे वर्ष बहुत उच्च स्तर की सैन्य तैयारी रखनी चाहिए। यहां सुब्रतो पार्क में आयोजित रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में सेना को सूचना योद्धाओं, प्रौद्योगिकी योद्धाओं और विद्वान योद्धाओं की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि युद्ध के इस परिदृश्य में, भावी सैनिकों को सूचना, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के मामले में अग्रणी होना होगा। 'नंबर 4 वॉरफेयर एंड एयरोस्पेस स्ट्रेटेजी प्रोग्राम' के तत्वावधान में 'एयरोस्पेस पावर : प्रिजर्विंग इंडियाज सोवरेनिटी एंड फर्दरिंग नेशनल इंट्रस्ट्स' (हवाई शक्ति: भारत की संप्रभुता की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों को बढ़ाना) विषय पर यह सेमिनार आयोजित किया गया था। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में कोई भी उपविजेता नहीं होता और किसी भी सेना को लगातार सतर्क रहते हुए उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी रखनी चाहिए। जनरल चौहान ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर इसका एक उदाहरण है, जो अब भी जारी है। हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए, चौबीस घंटे, 365 दिन।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखाया कि 50 से कम हथियार शत्रु को वार्ता की मेज पर ला सकते हैं : वायुसेना उपप्रमुख

भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह दिखा दिया है कि कैसे 50 से भी कम हथियारों से दुश्मन को बातचीत की मेज पर लाया जा सकता है। उन्होंने इसे एक ऐसा उदाहरण बताया जिसका अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह बात विचारक संस्था 'सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज' (सीएपीएस) और 'कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन के संवाद सत्र के दौरान कही। तिवारी ने कहा, ''हमने लाभ-हानि, खासकर हवाई शक्ति के बारे में काफी चर्चा की। मुझे लगता है कि इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं है... जैसा हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' में किया।''

## बिहार में एसआईआर का पहला चरण पूरा, 35 लाख मतदाता पलायन कर गए या पता नही लगा : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का पहला चरण शुक्रवार को समाप्त हो गया। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण की पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बताया कि उसके स्थानीय चुनावी तंत्र ने रिपोर्ट दी है कि लगभग 35 लाख मतदाता या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या 24 जून के बाद से उनका पता नहीं चल सका है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में राज्य में मतदाताओं की संख्या लगभग 7.90 करोड़ है। आयोग के मुताबिक, बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और राजनीतिक दलों के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) ने लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं के नामों की सूचना दी है। इसके अलावा, लगभग सात लाख मतदाता एक से ज्यादा स्थानों पर पंजीकृत पाए गए। निर्वाचन आयोग ने बताया कि लगभग 1.2 लाख मतदाताओं के गणना फार्म अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। आयोग ने बताया कि अब तक बिहार के 99.8 प्रतिशत मतदाता इस प्रक्रिया में शामिल हो चुके हैं और 7.23 करोड़ मतदाताओं के प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं और उन्हें डिजिटल स्वरूप दिया जा चुका है। आयोग के मुताबिक, इन सभी 7.23 करोड़ मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। शेष मतदाताओं के प्रपत्रों और बीएलओ रिपोर्ट का डिजिटलीकरण भी एक अगस्त तक पूरा हो जाएगा।

## राज्यसभा महासचिव को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया

**नयी दिल्ली :** भारत के 17वें उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने के लिए कदम आगे बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी को चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके कारण यह चुनाव कराना आवश्यक हो गया है। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को समाप्त होना था। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि कानून एवं न्याय मंत्रालय से परामर्श करके और राज्यसभा के उपसभापति की सहमति के बाद उसने 2025 के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पी सी मोदी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।

## चिटफंड घोटाले में ईडी ने पूर्व तृणमूल सांसद से जुड़ी 127 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़े पैमाने पर हुए चिटफंड घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य कंवर दीप सिंह से जुड़ी संस्थाओं के स्वामित्व वाले दो अस्पतालों के 127.33 करोड़ रुपये के शेयर कुर्क किए हैं। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत पंचकूला स्थित अलकेमिस्ट अस्पताल और ओजस अस्पताल के शेयरों को अस्थाई रूप से कुर्क किया है। बताया जा रहा है कि इन संपत्तियों का स्वामित्व केडी सिंह के बेटे करण दीप सिंह के पास है। यह कार्रवाई अलकेमिस्ट समूह, उसके निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के आरोपों की चल रही जांच का हिस्सा है। ईडी के अनुसार, एकत्र किए गए धन को समूह की कंपनियों के बीच जटिल वित्तीय लेनदेन के माध्यम से उनके अवैध स्रोतों को छिपाने के लिए किया गया था। धन का उपयोग अंततः शेयर खरीदने और अलकेमिस्ट अस्पताल और ओजस अस्पताल बनाने के लिए किया गया। ईडी का कहना है कि फिर अपराध की आय को छिपाने के लिए वैध संपत्ति के रूप में पेश किया गया था। जांच में पाया गया कि मेसर्स सोरस एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, एक कंपनी जो करण दीप सिंह के लाभकारी स्वामित्व में है, के पास अलकेमिस्ट अस्पताल में 40.94 प्रतिशत शेयर और ओजस अस्पताल में 37.24 प्रतिशत शेयर हैं। अब तक, ईडी ने इस मामले में पांच अलग-अलग आदेशों के माध्यम से 238.42 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से कुर्क किया है।

## बिकवाली दबाव में बाजार एक माह के निचले स्तर पर, सेंसेक्स 721 अंक फिसला

**मुंबई :** विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

### दिन की गिरावट से निवेशकों को 8.67 लाख करोड़ रुपये की चपत

## रैंगिंग के बदलते तरीकों की हो निगरानी

यह विडंबना है कि नियामक संस्था की सख्ती और शिक्षण संस्थाओं की सक्रियता के बावजूद रैंगिंग का रोग काबू में नहीं आ रहा है। जब-तब कुछ छात्रों के आत्महत्या करने और कई मामलों में दोषी छात्रों के निलंबन व पुलिस कार्रवाई के मामले भी अक्सर उजागर होते हैं, मगर मर्ज है कि लाइलाज होता जा रहा है। सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तौर-तरीके तलाश लेते हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले यूजीसी ने देश के 89 उच्च शिक्षा संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके सख्त हिदायत दी है कि रैगिंग पर नियंत्रण करने वाले नियमों को सख्ती से क्यों लागू नहीं किया गया। यूजीसी ने इन उच्च शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि इन संस्थाओं के परिसर में छात्रों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। अब जब देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नये छात्रों के प्रवेश का सिलसिला आरंभ होने वाला है, यूजीसी ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उसने रैगिंग के नये तौर-तरीकों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया है। दरअसल, विभिन्न प्रसंगों में देखा गया है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये तौर-तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ऐसे मामले प्रकाश में आये हैं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप समूह बनाकर नये छात्रों को उससे जुड़ने के लिये बाध्य करते हैं। फिर छात्रों के मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला आरंभ हो जाता है। यही वजह है कि यूजीसी ने नये छात्रों को परेशान करने के इस नये तरीके के प्रति शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि ऐसे मामले भी रैगिंग विरोधी नियमों के दायरे में आते हैं। इन मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों व कालेजों को रैगिंग मुक्त वातावरण बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

निश्चित रूप से नया सत्र शुरू होने से पहले यूजीसी की यह सक्रियता व सार्थक पहल स्वागत योग्य है। ऐसे में उच्च शिक्षण संस्थानों और कालेज प्रबंधन का दायित्व बनता है कि वे रैगिंग के नये तौर-तरीकों की सतर्कता से निगरानी करें। ताकि इसका इस्तेमाल नये छात्रों को आतंकित करने तथा अपमानित करने के लिए न किया जा सके। यह विडंबना ही है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तरीके निकाल लेते हैं। यही वजह है कि नये छात्रों की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। पिछले सत्र में शिकायतें मिलीं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप में नये छात्रों को शामिल करके उन्हें धमकाते हैं। उन पर अपमानजनक नियम थोपते हैं। उन पर न केवल व्यंग्य करते हैं बल्कि गालियां भी देते हैं। ऐसे में नये भविष्य के लिए उत्साहित छात्र नयी परिस्थितियों में खुद को ढालने की कोशिश में विफल हो जाते हैं। उन्हें कई तरह से मानसिक व शारीरिक कष्टों तक का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि भयाक्रांत होने से कई छात्र विश्वविद्यालय या कालेज छोड़ने तक के लिए बाध्य हो जाते हैं। कुछ छात्र लंबे तनाव के बाद डिप्रेशन तक में चले जाते हैं। निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कहीं न कहीं विश्वविद्यालय व कालेज प्रशासन की शिथिलता व उदासीनता भी सीनियर छात्रों की गुंडाई को बढ़ावा देती है। जिसके लिये जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यही वजह है कि यूजीसी को चेतावनी देने को बाध्य होना पड़ा कि रैगिंग के किसी तरह के क्रियाकलाप पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। ऐसा न करने पर इन शिक्षण संस्थानों की रेटिंग कम करने तथा अनुदान रोकने की कार्रवाई भी हो सकती है। दरअसल, शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में रैगिंग जैसी कुरीति पर रोक लगाने के लिये जहां सीनियर छात्रों के लिये परामर्श केंद्र बनाये जाने चाहिए, वहीं नये छात्रों की भी काउंसिलिंग की जानी चाहिए, ताकि वे नयी परिस्थितियों से साम्य स्थापित कर सकें।

# देश के वीर सैनिकों के बलिदान की तुलना में हम कहा है?

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

(कारगिल विजय दिवस विशेष 26 जुलाई 2025)

देश के वीर सैनिक देश का गौरव हैं, जो देश की रक्षा के लिए सदैव कर्तव्य पथ पर तैनात रहते हैं। चाहे कैसी भी आपदा या संकट हो, वे डरते नहीं हैं; चाहे चिलचिलाती धूप हो या खून जमा देने वाली ठंड, घने जंगल हो, ऊँचे पहाड़ हो या मानसूनी तूफान, देश का सैनिक अपनी भूमिका बखूबी निभाता है। कई स्थितियों में भूखे-प्यासे रहकर, असुविधाओं से जूझकर, मौत को आगे देखकर भी वह जवान कभी पीछे नहीं हटते, बहादुर सैनिक अपने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं। देश के वीर सैनिकों के प्रति जो सम्मान, आदर और गर्व हमारे मन में है, क्या उतना ही सम्मान देश के वीर सैनिकों के मन में हमारे लिए है? देश में हर दिन नए विवाद और नई समस्याएँ उत्पन्न होती नजर आती है। संगीन अपराधो का ग्राफ तो ऐसा तेजी से बढ़ रहा है कि, छोटे-छोटे बच्चे भी उनमें सक्रीय नजर आते है। रिश्तों को कलंकित करने वाली घटनाएं तो अब रोजाना ही देखने-सुनने मिलती है। लोगों के लिए मर्यादा, पवित्रता, सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता, विश्वसनीयता, सहनशीलता, स्वाभिमान, आत्मसन्मान जैसे शब्दों का मोल खत्म होकर लालच, द्वेष, उग्रता, धोखाधड़ी, झूठ, दिखावा, भ्रष्टाचार, अश्लीलता, चापलूसी, जालसाजी, कथनी-करनी में अंतर और स्वार्थ आ गया है। हर कोई अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण, समाज और देश को अनावश्यक रूप से खोखला करने का प्रयास कर रहा है। देश में लोगों की ऐसी परिस्थिति को देखकर वीर जवान को क्या महसूस होता होगा? क्या कभी लोगों के मन में वीर जवानों की भांति जीने का ख्याल नहीं आता।

1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिवस उन भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करता है जिन्होंने पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। कारगिल विजय दिवस चुनौतीपूर्ण ऊँचाई वाली परिस्थितियों में लड़ने वाले जांबाज भारतीय सैनिकों के साहस, वीरता और बलिदान को दर्शाता है। यह दिवस भारत की अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। कारगिल विजय दिवस राष्ट्रीय गौरव और स्मरण का दिवस है, जो वीरता और बलिदान की कहानियों से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। देश में ऐसे विजय दिवस हमें हर पल प्रेरित करते है, साथ ही यह भी गौरव होता है कि देश की सुरक्षा भारतीय सैनिकों के हाथों में महफूज है। लेकिन उनकी तुलना में जब हम अपने आसपास का वातावरण देखते है तो लगता है कि क्या, हम जैसे स्वार्थी लोगों के लिए देश का जवान सरहद पर इतनी तकलीफे सहता है।

नेता चुनाव के बाद 5 साल होते ही फिर जनता के बीच जाकर अभिनय कला शुरू कर देते है और चुनाव खत्म होते ही पूर्व की भांति हो जाते है, कई नेता तो चुनाव के प्रचार के वक्त आम जनता के घर, खेत और कार्यस्थल में जाकर भी लोगों के काम में हाथ बटाते हुए मीडिया में छाए नजर आते है। जनता को भोला कहे या मूर्ख, जनता जिस नेता को जनप्रतिनिधि चुनकर जनकल्याण के लिए 5 साल के कार्यकाल के लिए ऊंचे-ऊंचे पद पर विराजमान करती है, अगर वह नेता योग्य नीति से जनकल्याण कार्य करने में असफल होता है तो, उस नेता से जवाब पूछने में चुनकर देनेवाली जनता खुद ही डरती है। कितने लोग अपने नेता, सांसद, विधायक, पार्षद या अपने इलाके के संबंधित जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछते हैं या जवाब मांगते हैं? एक नेता जितना ऊंचा पद धारण करता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह होता है। अगर देश के नेता अपनी जिम्मेदारी और फर्ज को पूरी सत्यनिष्ठा और देशप्रेम से वीर जवानों की भांति निभाए, तब देश में कोई समस्या ही नहीं रहेगी।

मैं अपने जीवन के छोटेसे अनुभव को आप सभी के साथ सांझा कर रहा हूँ, मैं महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स का भी छात्र रहा, तब हम छात्र सैन्य कैंप में जाकर बहुत कुछ सीखते थे, दिसंबर की ठंड में जंगल के उस एनसीसी कैंप में रात भर हर छात्र की ड्यूटी 2 घंटे के लिए टेंट के बाहर सुरक्षा के तौर पर लगायी जाती थी, रात के 1 बजे या 3 बजे हो छात्र को नींद से जागकर, पूरी वर्दी पहनकर, तैयार होकर टेंट के बाहर हमें संत्री की ड्यूटी करनी पड़ती थी। 25 किलोमीटर लगातार जंगल ट्रैकिंग करना, अपने-अपने टेंट की जमीन को रोज गोबर से पोतना, विविध स्पर्धाओं में भाग लेना। सुबह 5 बजे उठकर, तैयार होकर रिपोर्टिंग करना, रोज बिना शिकायत के अपना पूरा काम खुद करना, तय समय पर नास्ता, दोपहर और रात का खाना खुले घास के मैदानों में बैठकर करना। दिनभर के काम से शरीर इतना थक जाता था कि लेटते ही गहरी नींद लग जाती थी, थोडीसी भी गलती पर सख्त सजा मिलती थी। देश के कोने-कोने से आने वाले छात्र अपनी विविध कला-कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते थे। सामूहिक कार्य, सद्भावना, देशप्रेम, तत्परता, निष्ठा, लगन, मेहनत, समर्पण भाव का एक अनूठा संगम देखने मिलता था और उसका एक भाग बनकर गर्व होता था। वो दिन मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखा गए, जीवन में नियम और अनुशासन बेहद जरुरी है।

समस्याओं की जड़ को समझने के बजाय लोग बाहरी आवरण को देखकर या झूठे दिखावे का शिकार होकर अपनी धारणाएं बनाकर समस्याओं को अधिक बढ़ा देते हैं। प्रत्येक के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ और योग्यता के अनुसार रोज़गार या व्यवसाय सेवा, एक मज़बूत देश की पहचान हैं। अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक हुए बिना हम बेकार की चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और आपस में लड़ते-झगड़ते हैं, जिनका हमारे जीवन से कोई संबंध नहीं होता। विश्वास नहीं होता लेकिन, समाज में 8-11 साल के बच्चे 4-5 साल की बालिका के बलात्कार में दोषी होने की घटनाएं हो रही है। अभिभावकों को बच्चों के साथ या उनके सामने कैसा व्यवहार करना है, यह तक पता नहीं है। मोबाइल, सोशल मीडिया, फैशन ने बच्चों से उनका बचपन, मासूमियत छीन ली है। वीर शहीद जवानों, महापुरुषों, क्रांतिकारी देश भक्त, समाज सुधारकों, पराक्रमी राजा-महाराजाओं की प्रेरणात्मक गाथा को जानने के लिए बजाएं आजकल फिल्मी सितारों, ऑनलाइन गेम्स, टाइम-पास मनोरंजन, फूहड़ता को देखने-जानने के लिए अपना कीमती समय गवांते हैं। लोग सिर्फ़ जीभ के स्वाद के लालच के कारण अस्वास्थ्यकर भोजन पसंद करते हैं। मानवीय आलस्य, नशाखोरी, प्रदूषण और मिलावट ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कमज़ोर कर दिया है, लेकिन लोग स्वास्थ्य महत्व नहीं देते, जो सबसे ज़रूरी बात है।

स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे एक दिन के लिए हम आम लोगों में देशभक्ति जागती है, खूब तिरंगे खरीदकर घूमते-फिरते, रैली निकालते है, देशभक्ति के गानों में सराबोर हो जाते है, खूब इंजॉय करते है और दूसरे दिन हमारे आसपास सड़कों पर, कूड़े में, जहा-तहा वे तिरंगे ध्वज खराब अवस्था में पड़े हुए होते है। देश के तिरंगे ध्वज को इतना सस्ता ना बनाओ कि खिलौने की भांति खेलकर दूसरे दिन वह कूड़े में मिलें। ध्वज की कीमत पैसे से नहीं अपितु देश के सम्मान से है, जिसकी कोई कीमत नहीं हो सकती। इसी तिरंगे की रक्षा और सम्मान की खातिर वीर जवान बलिदान देता है, फिर उस जवान की तुलना में हम लोग कहा है। आजादी का यह पर्व हमें किन स्थितियों में, कितने त्याग, संघर्ष और बलिदानों के बाद मिला, क्या कभी इसका एहसास हमारे मन-मस्तिष्क को झंझोड़ता है? आजादी के लिए असंख्यों ने अपना सब कुछ खो दिया ताकि हम लोग यह दिन देख सकें। देश के प्रत्येक नागरिक, नेता हो या मामूली कर्मचारी, मालिक हो या नौकर, व्यवसायी हो या मजदूर सबने अपने जीवन के कुछ साल देश सेवा के लिए सैनिक के रूप में जरूर देना चाहिए, ताकि अनुशासन, देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता का असल मतलब जान पाएं।

## बंगाल की खबरें

# हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान तीखी बहस में उलझे कल्याण बंद्योपाध्याय, न्यायाधीश ने खुद को मामले से अलग किया

**कोलकाता :** भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या के मामले में आरोपी दो पुलिस अधिकारियों - रीना सरकार और दीपंकर देबनाथ - की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट में बड़ा घटनाक्रम सामने आया। राज्य की ओर से बहस कर रहे तृणमूल सांसद और वकील कल्याण बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष के बीच तीखी बहस हो गई, जिसके बाद न्यायाधीश ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया।



सुनवाई के दौरान कल्याण बंद्योपाध्याय ने दावा किया कि सीबीआई ने पहले इन दोनों अधिकारियों को गवाह के रूप में दिखाया था, लेकिन बाद में अंतिम चार्जशीट में उन्हें आरोपी बना दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को अदालत की अनुमति के बिना हिरासत में लिया गया, जो कानूनन गलत है।

न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने भी सीबीआई की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार साल से समन जारी होने के बावजूद कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, और अब अचानक समन जारी कर गिरफ्तारी क्यों की गई?

सीबीआई के वकील मयुख मुखोपाध्याय ने जवाब में कहा कि आरोपी समन का जवाब दे चुके थे और जमानत की अर्जी भी दी थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में रक्षक ही भक्षक बन गए और पुलिस के कुछ हिस्सों का राजनीति से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना कोलकाता में चुनाव बाद हुई हिंसा से जुड़ी है, जिसकी जांच अदालत के आदेश पर सीबीआई को सौंपी गई थी।

इसके बाद कल्याण बंद्योपाध्याय ने अदालत से अंतरिम जमानत की मांग की। इस पर न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह अगले दो हफ्ते अवकाश पर रहेंगी और इस सुनवाई के लिए तुरंत आदेश देना संभव नहीं है। जैसे ही बंद्योपाध्याय ने दोबारा अंतरिम राहत की मांग की, न्यायाधीश भड़क उठीं और कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, मैं इस तरह की याचना को स्वीकार नहीं करूंगी। श्रीमान बंद्योपाध्याय, आपकी भाषणबाजी अब और नहीं सुनी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह मामला संबंधित पीठ को लौटा दिया।

सूत्रों के मुताबिक, अब जब न्यायमूर्ति अवकाश पर हैं, इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख तय नहीं हो पाई है। ऐसे में रीना सरकार और दीपंकर देबनाथ की जमानत याचिका अनिश्चितता में फंसी हुई है।

## सीबीआई की भूमिका पर सवाल, परेश पाल की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट सख्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट में शुक्रवार को विधायक परेश पाल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ जांच क्यों न हो? कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी वीडियो फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज आगामी मंगलवार तक अदालत में जमा किए जाएं। यह मामला 2021 के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद कांकुड़गाछी के बीजेपी नेता अभिजीत सरकार की हत्या से जुड़ा है। परिवार का आरोप है कि उन्हें बेरहमी से पीट-पीटकर मारा गया। प्रारंभ में नारकेलडांगा पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, लेकिन बाद में हाई कोर्ट ने जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई की पहली अतिरिक्त चार्जशीट में 20 और दूसरी चार्जशीट में 18 आरोपियों के नाम शामिल किए गए, जिनमें विधायक परेश पाल और दो पार्षद भी हैं। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने यह भी पूछा कि चार्जशीट में भाषण का वीडियो क्यों नहीं जोड़ा गया? क्या कॉल रिकॉर्ड्स और संवादों की जांच की गई? यदि नहीं, तो संबंधित सीबीआई अधिकारी की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ सकते हैं।

## महाराष्ट्र में बंगाल के प्रवासी मजदूर की नृशंस हत्या, टुकड़े कर बोरे में भर तालाब में फेंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की महाराष्ट्र में बेहद ही दर्दनाक और नृशंस हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को टुकड़ों में काटकर बोरे में बंद कर तालाब में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान अबूबकर मंडल (33) के रूप में हुई है। वह उत्तर 24 परगना जिले के बदुरिया थाना अंतर्गत रूद्रपुर गांव का निवासी था। यह वीभत्स घटना महाराष्ट्र के पालघर ज़िले के वासी पुलिस थाना क्षेत्र स्थित वासिगांव इलाके में घटी। बताया गया है कि अबूबकर पिछले कई वर्षों से महाराष्ट्र में मजदूरी कर रहा था और वहीं अपनी पत्नी के साथ रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, 20 जुलाई की शाम के बाद से अबूबकर मंडल का अपने परिवार से संपर्क टूट गया था। उसका मोबाइल बंद था और पूछताछ के बाद भी जब वह नहीं मिला, तो अगले दिन परिजनों ने वासी पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 22 जुलाई को पुलिस को एक तालाब में बोरे में बंद शव मिलने की सूचना मिली। जांच के दौरान जब बोरा खोला गया, तो उसमें से टुकड़े-टुकड़े किया गया शव बरामद हुआ। बाद में, जब शव को परिजनों को दिखाया गया, तो उन्होंने मृतक की पहचान अबूबकर मंडल के रूप में की। पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार की देर रात शव को अबूबकर के पैतृक गांव रूद्रपुर लाया गया। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। रात में ही शव को दफना दिया गया। महाराष्ट्र के वासी पुलिस थाना क्षेत्र की पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हत्या के पीछे व्यक्तिगत रंजिश, आर्थिक विवाद या अन्य कारण थे।

## तेज बारिश से महानगर के कई हिस्से जलमग्न, ट्रैफिक जाम से कोलकाता की रफ्तार थमी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में भारी बारिश के चलते कई इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति बन गई। बेहाला, टॉलीगंज, गड़िया, ईएम बाइपास, टॉपसिया और सेंट्रल एवेन्यू समेत कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम हिस्से में बने दबाव के क्षेत्र ने सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच कैनिंग के पास पश्चिम बंगाल के तट को पार किया। यह सिस्टम अब पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गंगीय पश्चिम बंगाल, उत्तर ओड़िशा और झारखंड की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक यह कोलकाता से करीब 100 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में स्थित था। भारतीय मौसम विभाग द्वारा सुबह 11 बजे जारी विशेष बुलेटिन में दिनभर भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी, जो दोपहर और सप्ताहांत तक जारी रह सकती है। दमदम और शहर के अन्य हिस्सों में तेज हवा (50 किमी/घंटा तक) और बिजली गिरने की घटनाएं भी दर्ज की गईं। बारिश के चलते अंडरपासों और निचले क्षेत्रों में अस्थायी बाढ़ की स्थिति बनी। प्रशासन ने लोगों को जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने और बिजली चमकते समय पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे खड़े न होने की सलाह दी है। समुद्र में तेज हवाओं और ऊंची लहरों को देखते हुए मछुआरों को 29 जुलाई तक समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने बंदरगाहों को भी सतर्क कर दिया है। अगले 48 घंटों में कोलकाता सहित हावड़ा, हुगली, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा दक्षिण 24 परगना जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 जुलाई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष द्वितीया, 22:46 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 15:53 तक, योग : सिद्धि, 05:26 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 06:19, चन्द्रास्त: 19:39, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 08:26 से 10:04

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मेष राशि वालों के लिए ऊर्जा और साहस से भरपूर रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में नए प्रयोग कर सकते हैं और आपको उसमें सफलता भी मिलेगी।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन संतुलन साधने का है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें अच्छी तरह निभा पाएंगे।

**मिथुन :** आज मिथुन राशि के लोग आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आपकी बातचीत की कला लोगों को प्रभावित करेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए यह दिन आत्मचिंतन का है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है, जो मन को प्रसन्न करेगी। घर में कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन करियर में नई ऊंचाइयों को छूने का है। आपका आत्मविश्वास आपको नेतृत्व की भूमिका दिला सकता है। कोई महत्वपूर्ण मीटिंग सफल रहेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। किसी करीबी से विवाद या वैचारिक मतभेद संभव है। धैर्य बनाए रखें और बातों को तूल न दें।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए यह दिन सकारात्मक रहेगा। आप रचनात्मक कार्यों में लगे रहेंगे और मानसिक संतुलन बना रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन वृश्चिक राशि के लोगों के लिए परिश्रम का है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी। बॉस का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए यह दिन नई उमंग और उत्साह से भरा होगा। आप जीवन के प्रति सकारात्मक रहेंगे और अपने लक्ष्यों को लेकर गंभीर नजर आएंगे।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए यह दिन आत्मनिरीक्षण का है। पुरानी गलतियों से सबक लेने का समय है। कार्यक्षेत्र में बदलाव या स्थानांतरण के योग बन सकते हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए यह दिन सहयोग और संपर्क का है। आपकी टीमवर्क क्षमता बढ़ेगी। व्यवसाय में साझेदारी से लाभ होगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए यह दिन आत्मविश्लेषण और आध्यात्मिक चिंतन का रहेगा। घर में शांति बनी रहेगी और कोई शुभ कार्य हो सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3164





**ऊपर से नीचे:-** 1) दीर्घ काल, 2) रास्ता, 3) ताजा, 4) नक्कारे की आवाज, 5) बहाना, 6) माँगना, 10) स्थिति; प्रकार, 12) ज्वाला, 14) पुण्यक्षेत्र, 16) बूँदाबाँदी, 18) सियार, 20) ज़िद; हठ; अकड़, 22) मेघविद्युत, 25) दुर्जन; नीच, 27) अप्सरा, 28) लाल; व्यस्त, 30) चौकी, 31) पैर.

(उत्तर: अगले अंक में)

**बायें से दायें:-** 1) आसक्ति; प्रीति, 4) बीच में, 7) हमेशा, 8) सत्य, 9) एक संख्या, 11) पँखड़ी; समूह; वृंद, 13) घेवता; पोता, 15) गरमी, 17) पथिक, 19) बेईमानी, 21) उत्साही, 23) बहाना; वजह, 24) घमण्ड, 26) गिरोह, 27) छेना, 29) नाला; ड्रेनेज, 32) तानाशाही; ज़बरदस्ती; हेकड़ी, 33) तथ्यान्वेषण; किसी घटना की जाँच.

### पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रि | स्थि | ति | | प्र | | प | ड़ो | स |
| | श्व | | त | र्क | सं | ग | त | | त्का |
| प | त | | र | | ग | | वा | न | र |
| तं | | क्र | बि | ल | | पु | र | वा | |
| ग | फ़ | ल | त | | द | र | | ज़ | रा |
| | र | | र | खा | र | खा | व | | म |
| हि | मा | नी | | | अ | | सी | वे | ज |
| | इ | म | ली | | स | म | य | | न |
| का | श | | क | रा | ल | | त | र्ज | नी |

## सुडोकू-पहेली-3121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | | | | |
| 9 | 6 | | 7 | | | | 8 | |
| | | | | | | | 2 | |
| | | 7 | | | 3 | 6 | 1 | |
| | | | | | 1 | | | |
| | | 4 | | 2 | 6 | | | |
| | 1 | | | | | | 6 | 4 |
| | | | | | | 5 | | 9 |
| | 3 | 2 | 5 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 3120 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 8 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 | 4 |

# कोलकाता नगर निगम में अब सिर्फ बंगला में होगी बहस, अध्यक्ष ने दी स्पष्ट निर्देश

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बंगला भाषा के सम्मान और संरक्षण को लेकर दिए गए 'भाषा आंदोलन' के आह्वान के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने एक अहम फैसला लिया है। नगर निगम की अध्यक्ष माला राय ने घोषणा की है कि अब से निगम की किसी भी बैठक या सत्र में पार्षद केवल बंगला भाषा में ही सवाल पूछ सकेंगे। हिंदी या अंग्रेज़ी में सवाल पूछने की अनुमति नहीं दी जाएगी। माला राय ने कहा कि यह फैसला बंगला भाषा को प्राथमिकता देने और उसके महत्व को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। उनका कहना है कि नगर निगम की बैठकों में अधिकांश सवाल पहले से ही बंगला में पूछे जाते हैं, लेकिन कुछ पार्षद अब भी हिंदी या अंग्रेज़ी का उपयोग करते हैं। अब से सभी को बंगला में ही संवाद करना होगा और नगर प्रशासन के सदस्य भी उसी भाषा में उत्तर देंगे। इस फैसले पर सवाल उठने लगे हैं कि गैर-बंगाली पार्षदों का क्या होगा? इस पर माला राय ने कहा कि जो लोग

लंबे समय से बंगाल में रह रहे हैं, वे बंगला समझते और बोलते हैं। इसलिए भाषा को लेकर कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सिर्फ़ स्टाइल दिखाने के लिए अंग्रेज़ी बोलने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जब अधिवेशन बंगाल में हो रहा है, तो वहां पहली भाषा बंगला ही होनी चाहिए। इस फैसले को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। भाजपा पार्षद सजल घोष ने इस निर्णय को तृणमूल सरकार का ढोंग बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने आठ हजार बंगला माध्यम स्कूल बंद कर दिए और बीस हजार बंगला शराब की दुकानें खोलीं। अब दिखावे के लिए बंगला भाषा को सर्वोच्च स्थान देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी तंज कसा कि अगर सचमुच भाषा आंदोलन को महत्व दिया जा रहा है, तो दारिभीट में मारे गए दो युवकों की प्रतिमा लगाई जाए, जो 2018 में भाषा आंदोलन के नाम पर जान गंवा बैठे थे। कोलकाता नगर निगम का यह फैसला भाषा को लेकर एक नई बहस की शुरुआत कर चुका है, जो भविष्य में राज्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है।

## कोलकाता के विरासत भवनों की रक्षा के लिए आएगा क्यूआर कोड और टूरिस्ट गाइडबुक



**कोलकाता :** शहर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और लोकप्रिय बनाने के लिए कोलकाता नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। विरासत भवनों की सूची, रखरखाव और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर नगर निगम के 48 नंबर वार्ड के पार्षद विश्वरूप दे ने हाल ही में निगम में एक अहम सवाल उठाया। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि नगर निगम के अंतर्गत आने वाले हेरिटेज-1 श्रेणी के भवनों की जानकारी के साथ एक टूरिस्ट गाइडबुक प्रकाशित की जाए, जिससे कोलकाता को लेकर पर्यटकों की रुचि और बढ़ेगी। इस प्रस्ताव का जवाब देते हुए पर्यावरण और विरासत मामलों के मेयर परिषद सदस्य स्वप्न समादर ने कहा, शहर में फिलहाल कुल 1,392 विरासत भवन हैं, जिनमें से 717 भवन हेरिटेज-1 श्रेणी में आते हैं। इन भवनों के सामने 'ब्लू फ्लैग' लगाने का कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब हर विरासत भवन के सामने एक क्यूआर कोड भी लगाया जाएगा। इस कोड को स्कैन करने पर उस भवन का इतिहास, स्थापत्य शैली और अन्य रोचक जानकारियाँ तुरंत मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देंगी। स्वप्न समादार ने कहा, यह पहल छात्रों से लेकर पर्यटकों तक, सभी के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक होगी। कोलकाता नगर निगम की यह आधुनिक पहल न सिर्फ विरासत के संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा देगी।

### नाम परिवर्तन

मैं रमेश चन्द्र सिंहा, पुत्र- बाके सिंह, निवासी गांव- सिसवन, डाकघर- गंगपुर सिसवन, जिला- सिवान, (बिहार), पिन- 841210 घोषणा करता हूं कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, छपरा कोर्ट के समक्ष दिनांक 21.07.2025 को दिए गए शपथ पत्र के माध्यम से मैंने अपना नाम बदलकर रमेश सिंह कर लिया है। जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र के अनुरूप है। रमेश चन्द्र सिंहा और रमेश सिंह एक ही व्यक्ति हैं। अतः अब से मेरा सही नाम रमेश सिंह, पिता- बाके सिंह ही पढ़ा और इस्तेमाल किया जाए।

### NAME CHANGE

I, Sunita Chowdhary, wife of Gopal Chowdhary, daughter of Kirodi Mal Agarwal, residing at 493/C/A, Phase-1, Block-D, 3rd floor, Vivek Vihar, G T Road, Shibpur, Howrah-711102, do hereby solemnly affirm and declare that Sunita Chowdhary and Sunita Agarwal Chowdhary (maiden name) both are the name of one and same identical person indicating myself via affidavit before the Notary Public at Howrah dated 23rd June 2025.

## कोलकाता में जलजमाव को लेकर मेयर फिरहाद हकीम का बीजेपी पर तीखा हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में लगातार बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति पर शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी तस्वीरें खींचकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि नगर निगम जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। हकीम ने कहा, कोलकाता में पांच घंटे से ज्यादा पानी कहीं जमा नहीं रहता। सूरत और दिल्ली जैसे शहरों में पांच-पांच दिन पानी भरा रहता है। लेकिन बीजेपी सिर्फ तस्वीरें दिखाकर प्रचार कर रही है।

मेयर ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार से इस समस्या से निपटने के लिए कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती, जबकि पंपिंग स्टेशन बनाने में भारी लागत आती है। उन्होंने कहा, हम जादू नहीं जानते, लेकिन सीमित संसाधनों में अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। इस बार पटिपुकुर अंडरपास में पानी नहीं भरा - यह हमारी व्यवस्था का ही परिणाम है। फिरहाद हकीम ने बताया कि जहां-जहां बार-बार जलजमाव होता है, वहां पेवर ब्लॉक लगाने का निर्णय लिया गया है। जैसे ही किसी इलाके में सूखी जमीन दिखती है, वहां तुरंत मरम्मत कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि तारातला, गरगाछा और बंदर जैसे क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है और इसके समाधान के लिए पोर्ट ट्रस्ट को पत्र भेजा गया है। हकीम ने दो टूक कहा कि जनता केवल तस्वीरों से नहीं, काम से प्रभावित होती है, और कोलकाता नगर निगम की प्राथमिकता केवल प्रचार नहीं, बल्कि समाधान है।

**कोलकाता नगर निगम का बड़ा फैसला**

## अब मुख्य चौराहों पर नहीं लगेंगे विज्ञापन होर्डिंग, नई नीति में कई सख्त नियम

**कोलकाता :** शहर की सड़कों को साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने विज्ञापन नीति में कड़ा बदलाव किया है। मेयर फिरहाद हकीम ने शुक्रवार को बताया कि मुख्य चौराहों से 15 मीटर के दायरे में अब कोई भी विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगाए जा सकेंगे। राज्य सरकार ने इस नई विज्ञापन नीति को स्वीकृति दे दी है, जिसमें कई अहम दिशा-निर्देश शामिल हैं।

**✒ नई विज्ञापन नीति के मुख्य बिंदु:**

❑ मेट्रो और अन्य एजेंसियों के विज्ञापन पर केएमसी का 50% अधिकार होगा।

❑ सभी विज्ञापन केवल कोलकाता

नगर निगम के माध्यम से ही दिए जा सकेंगे।

❑ हेरिटेज (विरासत) भवनों पर कोई विज्ञापन नहीं लगाया जाएगा।

❑ बैनर व होर्डिंग्स के लिए इको-फ्रेंडली फ्लेक्स का इस्तेमाल अनिवार्य होगा।

❑ त्योहारों के समय क्लबों के नाम होर्डिंग्स पर स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए।

**✒ पार्किंग और जलजमाव को लेकर भी निर्देश:**

❑ पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए एक विशेष ऐप विकसित करने का आदेश दिया गया है।

❑ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

❑ बारिश के मौसम में जलजमाव को रोकने के लिए जहाँ पानी जमा होता है, वहाँ पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे।

❑ तरातला रोड, गरागाछा रोड, और बंदर क्षेत्रों में जल निकासी की कमी को दूर करने की योजना बनाई जा रही है।

❑ बारिश के दौरान कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा और बारिश बंद होने के पांच घंटे के भीतर सड़क से पानी हटा दिया जाएगा।

कोलकाता नगर निगम की यह सख्त नीति शहर की सौंदर्यता और नागरिक सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## दूसरे राज्यों में बंगालियों के उत्पीड़न पर ममता सरकार सख्त

**राज्य पुलिस ने जारी की हेल्पलाइन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के विभिन्न हिस्सों में बंगालियों के साथ कथित उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने साफ कहा है कि बंगालियों के अपमान या उत्पीड़न को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसी के तहत राज्य पुलिस ने शुक्रवार को एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 9147727666 जारी किया है, जिस पर पीड़ित बंगाली नागरिक या उनके परिजन व्हाट्सएप के माध्यम से नाम, पता और घटना का विवरण भेज सकते हैं। राज्य पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायत की जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित राज्य प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पीड़ित अपने जिले के नियंत्रण कक्ष या स्थानीय थाने से भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, पूर्व वर्दवान जिला पुलिस ने प्रवासी श्रमिकों की मदद के लिए एक अलग हेल्पलाइन भी शुरू की है। जिला पुलिस अधीक्षक सायक दास ने सोशल मीडिया पर कहा कि देश के किसी भी कोने में कार्यरत जिले के निवासी किसी भी आपात स्थिति में अपने स्थायी पते वाले थाने से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना का निरस्तीकरण**
निविदा सूचना सं. ईएलएस-एचडब्ल्यूएच-10-538-ईएमयू-आरटी-2, दिनांक 14.07.2025 जो 02 वर्ष (730 दिन) लिए जनशक्ति के आधार पर तारकेश्वर ईएमयू स्टेबलिंग यार्ड में ईएमयू रेक की सफाई के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, अंतिम तिथि 04.08.2025 को 12.00 बजे, उक्त निविदा कुछ तकनीकी कारण से एतद्द्वारा निरस्त की जाती है।
HWH-210/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/560, दिनांक 24.07.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/23/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान: निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य: सियालदह मंडल - डायमंड क्रॉसिंग-27 सेट। निविदा मूल्य : रु.42,31,194.65, बयाना राशि जमा की जाएगी : रु.84,600/-, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। कार्य की समापन अवधि: 06 माह। निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि: 08.08.2025, निविदा जमा देने की अंतिम तिथि: 22.08.2025 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली के खोलने की तिथि: 22.08.2025 को 14.30 बजे। विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। जमा किए जाने वाले अपेक्षित कागजात: निविदा कागजात के अनुसार।
SDAH-135/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एसआईआर मुद्दे पर संसद में चर्चा तृणमूल कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता : डेरेक ओ ब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में चर्चा कराना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता ओ ब्रायन ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि सदन चले। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि एसआईआर अगले साल पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भी किया जाना है। डेरेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस समान विचारधारा वाले दलों से बात कर रही है और निर्वाचन सदन का ''घेराव'' करने पर विचार कर सकती है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि

एसआईआर मुद्दा संसद में चर्चा के लिए तृणमूल कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को एक संवैधानिक संस्था के रूप में चुनाव कराने का अधिकार है, लेकिन हम वास्तविक नागरिकों, यानी मतदाताओं, को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने की इजाजत नहीं दे सकते। विपक्षी दल एकजुट हैं और इसका विरोध कर रहे हैं। एसआईआर मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप, लोगों को मतदाता सूची से हटाने की कोशिश कर रहे हैं, यह पूरी तरह से हस्तक्षेप और जबरदस्त धोखाधड़ी है। डेरेक ने कहा कि विपक्षी दल संसद के बाहर भी विरोध प्रदर्शन करेंगे और निर्वाचन आयोग के कार्यालय (निर्वाचन सदन) का घेराव करने के विकल्प पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम समान विचारधारा वाले दलों से इस बारे में बात कर रहे हैं कि हमें निर्वाचन सदन का घेराव करना चाहिए। तृणमूल नेता ने निर्वाचन आयोग पर 'भाजपा के शाखा कार्यालय' की तरह काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग भाजपा के शाखा कार्यालय की तरह काम कर रहा है। वे लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। यह केवल बिहार के लिए नहीं है। यह पूरे देश में एक खतरनाक चाल है। तृणूल नेता ने सवाल किया कि आयोग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की आड़ में बंगाल से 1,000 बीएलओ (बूथ स्तर के अधिकारी) क्यों बुलाए हैं? उनके पास क्या कुटिल योजनाएं हैं? उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष चाहता है कि संसद की कार्यवाही चले और एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की अनुमति देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि संसद की कार्यवाही चले, हर विपक्षी दल चाहता है कि संसद की कार्यवाही चले। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम एसआईआर पर किसी भी नियम के तहत चर्चा चाहते हैं। अगर सरकार इसकी अनुमति नहीं देती है, तो इसका मतलब है कि वे सदन में व्यवधान डालना चाहते हैं।

### तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र पर बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया

तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र पर बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि राज्यसभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जुड़े एक सवाल के लिखित जवाब में पश्चिम बंगाल का नाम नहीं था। राज्यसभा में तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन के एक सवाल के लिखित जवाब में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की लंबित देनदारियों की सूची दी, जिसमें पश्चिम बंगाल का नाम नहीं था। तृणमूल के राज्यसभा सदस्य रीताब्रता बनर्जी ने कहा कि डेरेक ओ ब्रायन ने मनरेगा के बारे में एक सवाल किया था। जवाब में पश्चिम बंगाल का नाम न होना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की बांग्ला-विरोधी मानसिकता स्पष्ट है। यहां तक कि संसद में दिए गए जवाबों में भी पश्चिम बंगाल का नाम नहीं है। ओ ब्रायन ने अपने प्रश्न के जरिये यह जानना चाहा था कि क्या यह सच है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच मनरेगा के तहत पंजीकृत परिवारों की संख्या में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि प्रति परिवार औसत रोजगार के दिनों में गिरावट आई है।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला: बूथ लेवल अधिकारियों को मिलेगा अतिरिक्त भत्ता

**कोलकाता :** राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक अहम घोषणा की है। अब अगर वे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण या आयोग द्वारा निर्देशित कोई विशेष कार्यक्रम करते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2,000 रुपये का विशेष भत्ता दिया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र भेजकर जानकारी दी है। इस फैसले के तहत बूथ लेवल अधिकारियों के वार्षिक भत्ते को लगभग दोगुना कर दिया गया है। अब बीएलओ को 12,000 रुपये वार्षिक भत्ता मिलेगा। वहीं, जो बीएलओ सुपरवाइज़र की भूमिका निभाएंगे, उन्हें अब 18,000 रुपये सालाना भत्ता मिलेगा। यह निर्णय बीएलओ कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और उनके काम की महत्ता को स्वीकार करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## सीईओ कार्यालय में तीन रिक्त पदों पर नियुक्ति की तैयारी, नबान्ना ने भेजे तीन नामों के पैनल

कोलकाता : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अब एक वर्ष से भी कम का समय शेष है, ऐसे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नबान्ना (राज्य सचिवालय) ने अतिरिक्त सीईओ, संयुक्त सीईओ और डिप्टी सीईओ पदों के लिए तीन अलग-अलग पैनल चुनाव आयोग को भेज दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन तीन महत्वपूर्ण पदों पर लंबे समय से नियुक्ति नहीं हुई थी। आगामी चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नबान्ना ने इन पदों को जल्द भरने की सिफारिश की है। आयोग की मंजूरी मिलते ही अंतिम नियुक्तियों की घोषणा की जाएगी।

**अतिरिक्त सीईओ पद के लिए**

**प्रस्तावित नाम हैं:**

❑ सुदीप मित्रा, स्पेशल सेक्रेटरी (प्रशासनिक कार्यबल)

❑ सुजॉय सरकार, स्पेशल सेक्रेटरी (बिधाननगर नगर निगम)

❑ सुदीप सरकार, एडिशनल सेक्रेटरी (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)

**संयुक्त सीईओ पद के लिए नाम भेजे गए हैं:**

❑ सौम्यजीत देबनाथ, सचिव (स्टाफ सिलेक्शन कमीशन)

❑ बह्निशिखा डे, एडिशनल सेक्रेटरी (स्वास्थ्य विभाग)

❑ अरुंधती भौमिक, एडिशनल सेक्रेटरी (सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग)

**डिप्टी सीईओ पद के लिए प्रस्तावित नाम हैं:**

❑ रंजन चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव (विद्युत विभाग)

❑ प्रियरंजन दास, संयुक्त सचिव (लोक निर्माण विभाग)

❑ राजीव मंडल, लैंड मैनेजर (बिधाननगर शहरी विकास एवं नगर मामलों का विभाग)

इन नियुक्तियों से चुनाव आयोग की तैयारियों को नया बल मिलने की उम्मीद है।

## बउबाजार में पुरानी इमारत का बड़ा हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं

**स्थानीय तृणमूल पार्षद ने की असुरक्षित इमारत को गिराने की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** रात भर हुई बारिश के बीच मध्य कोलकाता के बउबाजार स्थित एक निजी मार्केट की बहुत पुरानी इमारत का एक हिस्सा शुक्रवार के तड़के ढह गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 5 बजे घटी, जब इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढहकर सड़क पर गिर गया। बारिश के कारण, मार्केट के बाहर फुटपाथ पर सोने वाले कुछ मजदूर इमारत के अंदर थे और बाल-बाल बच गए। वार्ड 48 के स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पार्षद बिश्वरूप दे ने कहा कि उन्होंने कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम के समक्ष असुरक्षित घोषित की गई इस इमारत का मुद्दा उठाया था। उन्होंने मेयर से मांग की कि इस मार्केट को बंद कर जर्जर हो

चुकी इस पुरानी इमारत को गिरा दिया जाना चाहिए और दुकानदारों और मजदूरों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाना चाहिए। पार्षद ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि शुक्र है कि आज कोई हताहत नहीं हुआ। यह एक बड़ी आपदा थी। बताया जा रहा है कि कोलकाता नगर निगम ने इस मार्केट के दुकानदारों से इमारत खाली करने के लिए कई बार बातचीत की, लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया। पार्षद ने आगे कहा कि अगर इस इमारत को खाली नहीं किया गया या गिराया नहीं गया, तो बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस जर्जर इमारत को गिराना ही एकमात्र रास्ता है। इमारत की मरम्मत नहीं की जा सकती। उन्होंने इसके लिए दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की ताकि भविष्य में कोई जान-माल का नुकसान न हो।

**पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल ट्रेन की आवाजाही जारी रहेगी**
यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल ट्रेन की यात्रा नीचे उल्लेखित तिथियों को अपने वर्तमान मार्ग, समय-सूची, ठहराव एवं यात्रा कि दिनों के अनुसार और 05 ट्रिप जारी रहेंगी: यात्रा की विस्तारित अवधि: 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल: दोनों दिशाओं में दिनांक 17/08, 24/08, 31/08, 07/09 एवं 14/09/2025 (रविवार)। गठन: वातानुकूलित कुर्सी यान-03, कुर्सी यान-17, एलएसएलआरडी-01, पावर कार-01 = 22 कोच। अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी। मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच दिनांक :24.07.2025
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की 01 परिसंपत्ति के विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए www.ireps.gov.in पर ई-ऑक्शन कैटलॉग सं. एडीवीटी-एसडीएएच-07-25 प्रकाशित किया गया है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है: ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-07-25, नीलामी शुरू : दिनांक 28.07.2025 को 12.00 बजे। क्रम सं.: ए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एडीवीटी-एसडीएएच-एसपीआर-ओएसएन-33-25-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], विवरण: सियालदह मंडल के क्लस्टर-I (क्षेत्राधिकार: पार्क सर्कस से डायमंड हार्बर, सोनारपुर से कैनिंग, लेक गार्डेन्स से कोमागाटा मारु बजबज) स्टेशनों के स्टेशन क्षेत्र के अंदर वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए थोक अधिकार। अनुबंध की अवधि : 03 वर्ष।
SDAH-133/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## रोज वैली मामले की जांच पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, सीबीआई से मांगी प्राथमिक रिपोर्ट

**कोलकाता :** रोज वैली चिटफंड घोटाले की जांच की धीमी गति और अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने गहरी नाराज़गी जाहिर की। न्यायमूर्ति राजर्षि भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति ऋतब्रत मित्र की खंडपीठ ने जांच एजेंसियों की रिपोर्टों और दस्तावेज़ों की समीक्षा के बाद सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने आदेश दिया कि इस सप्ताह के भीतर रोज़ वैली से संबंधित सभी दस्तावेज़ ईडी और सीबीआई को सौंपे जाएं, और आगामी शुक्रवार को कोर्ट में पेश होकर सीबीआई को 15 दिनों के भीतर प्राथमिक जांच रिपोर्ट जमा करनी होगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोज़ वैली में करीब 31 लाख आवेदन दाखिल हुए हैं और इस कंपनी ने लगभग एक करोड़ लोगों से पैसे जुटाए हैं। फिलहाल केवल 74 हजार निवेशकों को पैसे लौटाने की प्रक्रिया शुरू हुई है, जबकि एजेंसियों के पास अभी भी 531 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए पूछा, जब इतना पैसा है, फिर अब तक भुगतान क्यों नहीं हुआ? और कितना वक्त लगेगा? कम से कम 30 प्रतिशत निवेशकों को तो पैसा लौटाइए। जज ने आगे कहा कि रोज़ वैली की जो जब्त संपत्तियां हैं, उन्हें अब तक बेचा नहीं गया है, बल्कि उन संपत्तियों से दो लोगों को जोड़कर होटल का व्यवसाय चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी ने ही उन्हें यह अवसर दिया, जबकि ये दोनों लोग रोज़ वैली की किसी भी सहयोगी कंपनी के निदेशक नहीं थे। कोर्ट ने सवाल किया कि जब इन

लोगों को कोर्ट ने नियुक्त नहीं किया, तो ईडी ने किस अधिकार से इन्हें जोड़ा? एडीसी कमिटी ने जवाब में कहा कि ईडी ने ही इन दोनों को जोड़ने को कहा था। इस पर कोर्ट ने पूछा, ईडी को किसने अधिकार दिया कि वो किसी बाहरी व्यक्ति को इसमें शामिल करें? किस कानून या कोर्ट के आदेश से ये किया गया? ईडी ने जवाब में कहा कि उन्होंने केवल निवेशकों का पैसा लौटाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया, और उनका कोई अन्य उद्देश्य नहीं था। मगर कोर्ट इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। जज ने दो टूक कहा, बहुत अच्छा, लेकिन ईडी को ये अधिकार किसने दिया? अगर मुझे वेतन न मिले तो क्या मैं कोर्ट की संपत्तियां बेच दूं? कोर्ट ने एडीसी को जब्त संपत्तियों की बिक्री कर पैसे लौटाने का आदेश दिया था। ईडी की तरफ से कहा गया कि सेबी को सारी संपत्तियों की बिक्री का जिम्मा सौंपा गया था। इस पर न्यायाधीश ने सवाल किया कि हाईकोर्ट ने जिस उद्देश्य से एडीसी कमिटी गठित की थी, क्या वह लक्ष्य अब तक पूरा हुआ है? उलटे ईडी ने रोज़ वैली कंपनी को ही प्रबंधित करने का काम संभाल लिया और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी की। कोर्ट ने यह भी पूछा कि एडीसी कमिटी ने चॉकलेट ग्रुप नाम की कंपनी को होटल चलाने की अनुमति कैसे दी और वह दो लोग इससे कैसे जुड़े? कोर्ट ने आदेश दिया कि सीबीआई इस पूरे मामले की जांच करे। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि जब जमाकर्ताओं के प्रतिनिधि भी इस कमिटी में शामिल थे, तब उन्होंने इन अनियमितताओं का विरोध क्यों नहीं किया? जवाब में एक वकील ने कहा कि उन्हें केवल जब्त संपत्तियों की निगरानी के लिए एक उप-समिति में रखा गया था और उन्हें मुख्य कमिटी की बैठकों में हिस्सा नहीं लेने दिया जाता था। इस पर न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कोर्ट खुद जांच नहीं कर सकता, यह जिम्मा जांच एजेंसियों का है और इसलिए सीबीआई को इस मामले में कदम उठाना होगा।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## मेकमायट्रिप ने ग्लोबल टूर्स एंड अट्रैक्शन बुकिंग प्लेटफॉर्म किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने वैश्विक अनुभवों की दुनिया में कदम रखते हुए अपने नए टूर्स एंड अट्रैक्शंस बुकिंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए भारतीय यात्री अब 130 देशों के 1100 शहरों में 2 लाख से ज़्यादा एक्टिविटीज – जैसे सिटी वॉक, कल्चरल टूर, थीम पार्क और एडवेंचर स्पोर्ट्स – आसानी से सर्च और बुक कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य भारतीय आउटबाउंड टूरिस्ट्स की उन परेशानियों को हल करना है, जो उन्हें अक्सर टुकड़ों में बिखरी जानकारी, विदेशी मुद्रा में मूल्य निर्धारण और असंगठित योजना उपकरणों के कारण होती हैं। इस अवसर पर मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा, जब भारतीय विदेश यात्रा करते हैं, तो अनुभवों पर किया गया खर्च उनकी कुल यात्रा लागत का बड़ा हिस्सा होता है। फिर भी, इन अनुभवों को ढूंढना और बुक करना अभी भी यात्रा की सबसे जटिल प्रक्रिया है।

## भारत में मलेशियाई पाम ऑयल की हिस्सेदारी 35% हुई, मांग में आई मजबूती

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में मलेशियाई पाम ऑयल की मांग में मजबूती के चलते इसकी बाजार हिस्सेदारी 2025 की पहली छमाही में बढ़कर 35% हो गई। मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने यह जानकारी आईवीपीए ग्लोबल राउंडटेबल 4.0 में दी। कार्यक्रम में एमपीओसी की सीईओ बलविंदर सरोन ने बताया कि मलेशिया हर साल भारत को औसतन 25 लाख मीट्रिक टन क्रूड पाम ऑयल (सीपीओ) निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि कीमतों में प्रतिस्पर्धा और त्योहारों के सीजन में स्टॉक बढ़ने से यह रुझान जारी रहेगा। एमपीओसी ने इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के साथ मिलकर उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसमें पाम ऑयल के पोषण और स्थिरता संबंधी लाभों को बताया जाएगा। साथ ही भारत का स्वाद, पाम ऑयल के साथ अभियान जी टीवी पर प्रसारित हो रहा है। एमएसपीओ सर्टिफिकेशन और नीतिगत सहयोग से मलेशियाई पाम ऑयल की विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है।

## आईकू ने लॉन्च किया आईकू ज़ेड10आर

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज अपना नया स्मार्टफोन आईकू ज़ेड10आर लॉन्च कर दिया है। यह फोन खासतौर पर उन नए जमाने के कंटेंट क्रिएटर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने आइडियाज़ को शानदार क्वालिटी में कैद करके दुनिया तक पहुँचाना चाहते हैं। कैमरा, परफॉर्मेंस और डिज़ाइन – हर पहलू में यह फोन पूरी तरह से लोडेड है। जेड सीरीज़ के नएएडिशन- आईकू ज़ेड10आर के लॉन्च पर बात करते हुए, आईकू के सीईओ निपुन मार्या ने कहा – आईकू में हमारा मानना है कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कंटेंट बनाना खुद को अभिव्यक्त (एक्सप्रेस) करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। आईकू ज़ेड10आर के ज़रिए हमने ऐसा डिवाइस तैयार किया है, जो उनकी क्रिएटिविटी की रफ्तार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है।

## मेसे फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स का उपहार व स्टेशनरी उद्योग के लिए रणनीतिक राष्ट्रीय गठबंधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो – दिल्ली 2025 के उद्घाटन के मौके पर मेसे फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स एक्जिबिशन्स ने उपहार और स्टेशनरी उद्योग के लिए एकीकृत राष्ट्रीय मंच तैयार करने की घोषणा की। पेपरवर्ल्ड इंडिया, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो और गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो अब एकीकृत पोर्टफोलियो के तहत संचालित होंगे। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में शो आयोजित कर यह पहल पूरे भारत में उद्योग की पहुंच को सुदृढ़ करेगी। यह साझेदारी बी2बी, रिटेल और कॉर्पोरेट ब्रांडों को व्यापक बाजार, नेटवर्किंग और सालभर जुड़ाव का अवसर देगी। फरवरी 2026 में मुंबई में गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो का अगला संस्करण कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो का रीब्रांडेड रूप होगा। पेपरवर्ल्ड इंडिया भी दिल्ली 2026 से अपनी शुरुआत करेगा। मेसे फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स ने इसे भारतीय उपभोक्ता संस्कृति में आए बदलावों और स्टेशनरी उद्योग की 8-10% वृद्धि दर को ध्यान में रखते हुए एक दीर्घकालिक रणनीति बताया है।

# हाई कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा पाए व्यक्ति को किया बरी

- **एक महिला की आजीवन कारावास की सजा भी रद्द**
- **एक अन्य दोषी की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया**



**कोलकाता/पश्चिम मेदिनीपुर :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2021 के दुष्कर्म और हत्या के एक मामले में एक व्यक्ति की मृत्युदंड और एक महिला की आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें बरी करने का आदेश दिया, जबकि एक अन्य दोषी की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। उच्च न्यायालय ने गुरुवार को यह फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष दोनों के खिलाफ अपराध साबित करने में विफल रहा है। बता दें कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले की एक सत्र अदालत ने तीन मई, 2021 को एक युवती से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी पाते हुए राजमिस्त्री विकास मुर्मू और छोटू मुंडा को 25 जुलाई, 2023 को मृत्युदंड तथा मजदूर ताप्सी पात्रा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस दिन, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने अभियोजन पक्ष द्वारा उनके खिलाफ मामला साबित नहीं कर पाने के बाद छोटू मुंडा और ताप्सी पात्रा को सभी आरोपों से बरी कर दिया। पीठ ने विकास मुर्मू की मौत की सजा को उसकी गिरफ्तारी की तारीख से 40 साल तक बिना किसी छूट के आजीवन कारावास में बदल दिया। निचली अदालत ने तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 448 (घर में जबरन प्रवेश), 376डी (सामूहिक दुष्कर्म), 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) और 302 (हत्या) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। पीठ ने धारा 302 (हत्या) के तहत दंडनीय अपराध के लिए बिकास मुर्मू और छोटू मुंडा को मौत की सजा सुनाई थी। उल्लेखनीय है कि एक व्यक्ति ने तीन मई, 2021 को पिंगला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी उसके आवास से सटे पुराने मकान में खून से लथपथ और आपत्तिजनक हालत में मृत पाई गई थी। घटना के वक्त घर में मरम्मत का काम हो रहा था। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या का आरोप लगाया गया। तीनों वहां राजमिस्त्री और मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। तीनों अपीलकर्ताओं ने आरोपों से इनकार किया था। पीठ ने फोरेंसिक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया था कि विकास मुर्मू की बनियान में उसका और पीड़िता का खून लगा था। खंडपीठ ने कहा कि छोटू मुंडा ने जो कपड़े पहने थे उस पर खून के धब्बे नहीं थे और न ही उन पर कोई अन्य फोरेंसिक साक्ष्य मौजूद थे। अपीलकर्ता ताप्सी पात्रा ने कहा था कि वह घटना के वक्त शिकायतकर्ता के घर में मौजूद थी और काम कर रही थी, जिसकी बेटी से दुष्कर्म हुआ था और उसकी हत्या कर दी गई थी। उसने अपनी गवाही में यह भी कहा कि मुंडा उस समय छड़ें बांध रहा था, लेकिन मुर्मू न तो उसके साथ था और न ही मुंडा के साथ। खंडपीठ ने कहा कि उसका मानना है कि इस बात के पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं कि मुर्मू ने पीड़िता से दुष्कर्म किया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि अपीलकर्ता छोटू मुंडा और ताप्सी पात्रा को उन अपराधों के लिए दोषी ठहराया जा सके जिनका आरोप उन पर लगाया गया था क्योंकि अपराधों में उनकी संलिप्तता स्थापित नहीं होती है। खंडपीठ ने कहा कि सुधार गृह में मुर्मू का आचरण भी अच्छा बताया गया है।

## उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती: एसएससी ने जारी की नई अधिसूचना

### 48 और अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आठवें चरण की काउंसलिंग की घोषणा की है। आयोग की नई अधिसूचना के अनुसार, इस चरण में 48 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है। इसके साथ ही अब तक कुल 12,723 उम्मीदवारों को काउंसलिंग के लिए बुलाया जा चुका है।

**इससे पहले सात चरणों में क्रमशः**

- पहले चरण में 8749,
- दूसरे में 2595,
- तीसरे में 728,
- चौथे में 261,
- पांचवें में 153,
- छठे में 727 और
- सातवें चरण में 121 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था।

एसएससी की अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि अब भी मेरिट लिस्ट में 1241 अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्हें काउंसलिंग या नियुक्ति नहीं मिली है। हाइकोर्ट के निर्देशानुसार, कुल 14,052 उम्मीदवारों को नियुक्त करना अनिवार्य है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया कोलकाता हाईकोर्ट में लंबित अवमानना मामले के अधीन है, लेकिन नई काउंसलिंग की घोषणा ने लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को एक नई उम्मीद दी है।

## बहरामपुर में जामताड़ा गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

- **राष्ट्रव्यापी वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप**



**मुर्शिदाबाद :** बहरामपुर साइबर थाने के जाल में जामताड़ा गिरोह के 3 सदस्य फंसे है। गिरफ्तार लोगों पर कई खातों का इस्तेमाल कर देशभर में वित्तीय धोखाधड़ी करने का आरोप है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों के नाम सलामुद्दीन अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी और नियाज अंसारी हैं। वे झारखंड के देवघर के रहने वाले हैं। तीनों को मुर्शिदाबाद जिले के साइबर थाने ने गुरुवार की रात डोमकल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पता चला है कि हाल ही में, पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में बहरामपुर थाने के राजधर पाड़ा इलाके से मुक्लेस हुसैन को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप है कि मुक्लेस धोखेबाजों को विभिन्न बैंक खाते उपलब्ध कराता था। उससे पूछताछ के बाद जांचकर्ताओं ने तीनों आरोपियों को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने देशभर में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रशप्रीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से 100 एटीएम कार्ड, 60 बैंक पासबुक, पांच फ़ोन, प्रिंटर और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को ब्रह्मपुर अदालत में पेश किया गया।

## मतदाता सूची के सत्यापन से पहले प्रदेश भाजपा ने कार्यकर्ताओं के लिए शुरू किया प्रशिक्षण

- **लगभग साढ़े तीन हजार नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष सत्यापन को लेकर राजनीतिक तनाव चरम पर है। केंद्रीय चुनाव आयोग बिहार की तरह विधानसभा चुनाव से पहले जल्द ही बंगाल में भी मतदाता सूची के विशेष सत्यापन का काम शुरू करने वाला है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) यहां अगस्त में शुरू हो सकता है। ऐसे में मतदाता सूची सत्यापन कार्य से पहले प्रदेश भाजपा भी पूरी तरह तैयार रहना चाहती है। प्रदेश भाजपा ने मतदाता सूची संशोधन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। सूत्रों के अनुसार, प्रशिक्षण कार्य शुरू भी कर दिया गया है। राज्य में तीन से साढ़े तीन हजार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बीएलओ वन के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 20 अगस्त तक चलेगा। पता चला है कि दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक बीएलओ वन का, जो विधानसभा आधारित प्रशिक्षण है। दूसरा बीएलओ टू है, जो बूथ आधारित है। हर विधानसभा से तीन बीएलओ वन हैं। सत्यापन कार्य से पहले पार्टी को हर विधानसभा से तीन नाम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) यानी जिलाधिकारी को जमा करने होंगे। जो बीएलओ वन के रूप में प्रशिक्षण ले रहे हैं, वे बीएलओ टू को प्रशिक्षित करेंगे। अब सवाल उठता है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण क्यों दे रही है? प्रशिक्षित लोग क्या करेंगे? पार्टी नेताओं के अनुसार, कई मामलों में आम लोगों को जानकारी नहीं होती। ये प्रशिक्षु मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को फार्म भरने में मदद करेंगे। या उन्हें बताएंगे कि कौन से दस्तावेज जमा करने हैं।

## हरियाणा युवा संगठन तत्परता से कांवड़ियों की सेवा में जुटे



**कोलकाता, समाज्ञा :** हरियाणा युवा संगठन की ओर से तारकेश्वर श्रावण कांवड़िया मेला का उद्घाटन 12 जुलाई को महिपाल सिंह के द्वारा संपन्न हुआ। सुरेश शर्मा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी कांवड़ियां सेवा के लिए वासुदेवपुर मोड़ पर संस्था द्वारा बीते 17 वर्षों से सेवा करता आ रहा है। कांवड़ियों की सेवा में खाना, चाय, नाश्ता, फल, दवाईयां, सत्तू, लस्सी, बिस्कुट, फ्रूटी आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सेवा कार्य में रामविलास शर्मा, अनिल गोयल, महेंद्र सिंह, रतन शर्मा, रणवीर सिंह, संदीप, प्रदीप, दीपक, नरेश, अरविंद, रतन शर्मा आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

## भव्यता से आयोजित हुई अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में सी. आई. एस.सी.ई. क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता




**हावड़ा :** मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। इस उद्देश्य को लेकर पश्चिम बंगाल खो-खो एसोसिएशन द्वारा अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन, लिलुआ, हावड़ा के उच्च विभाग के क्रीड़ांगन में 23 एवं 24 जुलाई को खेल भव्यता से आयोजित हुई दो दिवसीय

सी.आई.एस.सी. ई. क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता। प्रतियोगिता की शुरुआत पश्चिम बंगाल खो-खो एसोसिएशन के चेयरमैन बलराम हालदार, विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल की प्राचार्या अबीरा दास, एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर की गई तथा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के पश्चात खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य श्रीसरोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी प्रतियोगियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। प्रतियोगिता छात्रों की आयु के हिसाब से तीन भागों में विभाजित रखी गई। प्रथम भाग-आयु 14 वर्ष, द्वितीय भाग-आयु 17 वर्ष एवं तृतीय भाग- आयु 19 वर्ष के अंतर्गत। दिनांक 23 जुलाईको 7 विद्यालयों की 10 टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें अंडर 17 और 14 में आईडियल पब्लिक स्कूल विजेता रहा तथा अंडर19 में साउथ ईस्टर्न रेलवे मिक्स्ड हाई स्कूल विजेता घोषित हुआ। दिनांक 24जुलाई को 8 विद्यालयों के 12 टीम ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें अंडर 14 में आईडियल पब्लिक स्कूल विजेता रहा अंडर 17 में सेन्ट ऑलइसियस ऑरफेन्ज एंड डे स्कूल विजयी रहा तथा अंडर19 में अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल विजेता घोषित हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों के लिए

अल्पाहार की सुव्यवस्था की गई। प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया गया एवं सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया) ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों को खेल में हिस्सेदारी के लिए सराहा एवं प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का समापन धन्यवाद ज्ञापन, ध्वजावातरण तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में स्वरूपनगर में चार लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट अनुमंडल के स्वरूपनगर थाना क्षेत्र के भारत-बांग्लादेश बिथारी सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार के तड़के स्वरूपनगर में भारत-बांग्लादेश बिथारी सीमा से चार युवक बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर गए। उनके नाम अब्दुर रहमान, इरफान गाजी, अंसार अली खान और हाफिज हुसैन हैं। वे स्वरूपनगर के तराली और जनमुर के निवासी हैं। वे बांग्लादेश में अपने रिश्तेदारों के घर से अवैध रूप से इस देश में लौट रहे थे। उस समय सीमा रक्षक बल के जवानों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर उन्हें स्वरूपनगर थाने को सौंप दिया गया। पुलिस ने चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें शुक्रवार को बशीरहाट अनुमंडल अदालत में पेश किया गया।

### कसबा कॉलेज में रेप कांड के बाद बड़ा कदमः

## आरोपी मनोजीत का नाम हटाया जाएगा, सुरक्षा होगी कड़ी

**कोलकाता :** कसबा लॉ कॉलेज में एक छात्रा से बलात्कार के आरोप में कॉलेज प्रशासन अब सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में गंभीर कदम उठा रहा है। इस घटना के बाद कॉलेज की प्रबंधन समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

कॉलेज सूत्रों के मुताबिक, 15 अगस्त 2025 तक पूरे कॉलेज परिसर को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा। इसके लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और यह तय किया जा रहा है कि कॉलेज के किस-किस हिस्से में कितने अतिरिक्त कैमरे लगाने की जरूरत है। इसी अवधि के भीतर दो पूर्व सैनिकों को सुरक्षा गार्ड के रूप में नियुक्त किया जाएगा, ताकि परिसर में अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस बीच, मुख्य आरोपी मनोजीत को लेकर भी कॉलेज में गहमागहमी बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी का नाम कॉलेज की दीवारों पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा गया था, जो अब हटाया जाएगा। प्रशासन ने फैसला लिया है कि उसका नाम पूरी तरह मिटा दिया जाएगा और दीवारों को दोबारा रंगा जाएगा।

इस मामले ने न सिर्फ कॉलेज प्रशासन को सतर्क किया है, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी एक व्यापक बहस छेड़ दी है। उम्मीद है कि ये कदम भविष्य में ऐसे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मददगार होंगे।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 11 नाबालिगों को बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने 23 जुलाई को ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत एक संगठित अभियान में हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों के विभिन्न स्टेशनों से 11 नाबालिग बच्चों (09 लड़के और 02 लड़कियां) को रेस्क्यू किया। यह अभियान बाल तस्करी रोकने, घर से भागे हुए बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और रेलवे परिसर में अकेले पाए गए बच्चों को उचित संरक्षण देने के उद्देश्य से चलाया गया। इस दौरान पाकुड़ स्टेशन से मिथुन शेख(11), डानकुनी से सोहेल शेख(16), सियालदह से प्रिंस सिंह (13) और सरीकुल लश्कर(15) को रेस्क्यू किया गया। कोलकाता स्टेशन पर समंद अंसारी(12), जो अपने पिता की प्रताड़ना से तंग आकर घर से भाग गया था, को सुरक्षित निकाला गया। वहीं जसीडीह स्टेशन से मोहम्मद ऑफिसर(16), मोहम्मद रजबुल हुसैन (12) और रोशन सिंह(12) को रेस्क्यू किया गया, जो पारिवारिक समस्याओं के चलते घर छोड़ चुके थे। टिनपहाड़ स्टेशन से जुबेल पहाड़िया(14), सोनाली पहाड़िन(15) और फूलू पहाड़िया (12) को बरहरवा आरपीएफ और बाल संरक्षण संस्था बाल संरक्षण मंथन की टीम ने दिल्ली जाने से पहले पकड़ा, जहां वे काम की तलाश में जा रहे थे। सभी बच्चों को उचित देखरेख और पुनर्वास के लिए बाल कल्याण संस्थाओं को सौंपा गया। यह रेस्क्यू अभियान पूर्वी रेलवे की बच्चों की सुरक्षा, तस्करी की रोकथाम और पुनर्वास के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आरपीएफ कर्मी लगातार सतर्क रहते हुए बाल अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## राज्य में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी, ढाई हजार के पार पहुंची संख्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में डेंगू संक्रमण की रफ्तार मानसून के साथ तेज हो गई है। राज्य में अब तक डेंगू के लगभग ढाई हजार मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से हजार के करीब मामले पिछले एक महीने में दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून तक कुल 1,500 मामलों की तुलना में जुलाई में मामलों में तीव्र वृद्धि देखी गई है। राज्य के 16 जिलों में डेंगू का संक्रमण देखा जा रहा है, जिनमें दक्षिण बंगाल के इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। मुर्शिदाबाद सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां एक जनवरी से 20 जुलाई के बीच 367 मामले सामने आए हैं। इसके बाद, उत्तर 24 परगना (356), हुगली (265), हावड़ा (241), मालदह (233) और कोलकाता (176) का स्थान है। हावड़ा पहले शीर्ष पर था लेकिन अब चौथे स्थान पर आ गया है। हालांकि, कोलकाता के नगर स्वास्थ्य अधिकारी का दावा है कि इसे लेकर कोई ढील नहीं बरती जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के प्रशासन, शहरी निकायों और ग्रामीण पंचायतों को अलर्ट पर रखा है। जलनिकासी सुनिश्चित करने, जलजमाव रोकने, मच्छर लार्वा के लिए स्थिर जल की नियमित जांच करने और जरूरत के मुताबिक लार्वीसाइड के छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं।

## अतिरिक्त किराया नहीं देने पर महिला यात्री से मारपीट, ऐप कैब चालक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐप कैब चालक ने तय किराए से ज़्यादा की मांग की और महिला यात्री ने अतिरिक्त पैसे देने से इनकार कर दिया। इस पर, चालक ने कथित तौर पर महिला यात्री की पिटाई कर दी। बाद में, महिला यात्री ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने आरोपी चालक शाहबाज अली को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि गत गुरुवार की शाम बागुईआटी के देशबंधुनगर की निवासी गृहिणी शर्मिष्ठा घोष ने एक कैब (इन ड्राइव में) बुक की थी। वह साल्टलेक के डीएफ9 इलाके में जा रही थीं। कैब बुकिंग के समय किराया 160 रुपये तय किया गया था। गृहिणी के कार में बैठने के बाद, शुरुआत में कोई समस्या नहीं हुई। लेकिन बाद में, चालक शाहबाज अली कथित तौर पर अधिक पैसे की मांग करता रहा। कहा गया कि केवल निर्धारित किराया देना पर्याप्त नहीं है। अतिरिक्त पैसे देने होंगे। लेकिन गृहिणी ने अतिरिक्त पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि अतिरिक्त पैसे को लेकर चालक और यात्री के बीच बहस भी हुई। कथित तौर पर, यात्री को उसके गंतव्य से पहले सड़क पर उतार दिया गया। बहस के दौरान चालक ने यात्री के साथ कथित तौर पर मारपीट की। इतना ही नहीं, महिला के पेट में कथित तौर पर लात भी मारी गई। इसके बाद, आरोपी कार लेकर फरार हो गया। बाद में, पीड़िता ने उत्तर विधाननगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने आनन-फानन में चालक की तलाश शुरू कर दी। चालक शाहबाज अली नारायणपुर इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने उसे वहीं से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन एफटीए 'मेक इन इंडिया' के लिए नए युग का प्रतीक : टीवीएस मोटर

**कोलकाता :** टीवीएस मोटर कंपनी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। इस बड़े समझौते से 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 60 अरब डॉलर से दोगुना होकर 120 अरब डॉलर होने की उम्मीद है और यह प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में एक बड़ा कदम है। इस एफटीए का स्वागत करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, मिस्टर सुदर्शन वेणु ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने और भारत को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और डिज़ाइन पावरहाउस बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हैं। भारत- ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर एक अहम पल है – यह भारतीय कंपनियों के लिए 'मेक इन इंडिया' को दुनिया तक ले जाने के नए रास्ते खोलता है।

## एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज ने उद्योग का पहला एआई-आधारित चैटबॉट एवीए लॉन्च किया

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और भारत में कॉर्पोरेट व फिड्यूशियरी सेवाओं में अग्रणी नाम, एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड (एटीएसएल) ने आज एवीए (एक्सिस ट्रस्टी वर्चुअल असिस्टेंट) के लॉन्च की घोषणा की। यह भारतीय ट्रस्टी सेवा क्षेत्र में लॉन्च किया गया पहला एआई-संचालित चैटबॉट है। एवीए की शुरुआत के साथ, एक्सिस ट्रस्टी ने अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो फिनटेक आधारित ट्रस्टी समाधानों में इसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करता है। चैटबॉट एवीए के लॉन्च के अवसर पर एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ राहुल चौधरी ने कहा, एवीए हमारी डिजिटल रूप से सशक्त, ग्राहक-केंद्रित ट्रस्टी साझेदार बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज की तेज़-रफ़्तार वित्तीय दुनिया में तेज़ और सहज ग्राहक संवाद पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गए हैं।

## मंदारमणि में शूटिंग के दौरान फिल्म निर्देशक का बंदूक की नोंक पर अपहरण, समुद्र तट पर मचा हड़कंप

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मंदारमणि के लाल काकड़ा बीच पर म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे निर्देशक श्रीकांत उर्फ प्रिंस का गुरुवार की शाम चार हथियारबंद बदमाशों ने बंदूक की नोंक पर अपहरण कर लिया। शुक्रवार की दोपहर तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, निर्देशक श्रीकांत उर्फ प्रिंस अपनी 17 सदस्यीय टीम के साथ तीन दिन पहले ही कोलकाता से मंदारमणि पहुंचे थे। वे एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे थे। गुरुवार की शाम लाल काकड़ा नामक बीच पर जब शूटिंग चल रही थी, तभी चार बदमाश एक निजी कार में वहां पहुंचे और निर्देशक पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हमलावरों ने निर्देशक के सिर पर बंदूक तानी और धमकाते हुए उसे जबरन कार में बैठाकर फरार हो गए। यह पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि शूटिंग टीम और आसपास के लोग कुछ समझ ही नहीं सके। इस रहस्यमयी अपहरण के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस को अभी तक कोई फिरौती की मांग या धमकी भरा संदेश नहीं मिला है। मंदारमणि थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और समुद्र तट के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा पूर्व मेदिनीपुर जिला पुलिस की एक विशेष टीम भी जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि श्रीकांत को शुक्रवार को शूटिंग खत्म कर कोलकाता लौटना था। लेकिन उससे एक दिन पहले ही यह सनसनीखेज घटना हो गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस घटना के पीछे कोई पेशेवर रंजिश है या फिर अपहरणकर्ताओं की मंशा कुछ और थी।

## सियालदह मंडल में ट्रैक मरम्मत के कारण ट्रेनों के संचालन में बड़े बदलाव लागू होंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में ट्रैक मरम्मत कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में बड़े पैमाने पर बदलाव किए जा रहे हैं। दमदम जंक्शन के पास प्वाइंट संख्या 231ए/230बी के पूर्ण रूपांतरण के लिए 26 से 27 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से सुबह 7 बजे तक कुल 7 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लागू रहेगा। इस दौरान अप सीसीआर लाइन पर यातायात प्रभावित होगा, जिसके कारण कई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों का रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन तथा पुनर्निर्धारण किया गया है। 26 जुलाई को सियालदह-डानकुनी लोकल ट्रेनें (अप 32249 और डाउन 32252) रद्द रहेंगी। 27 जुलाई को सियालदह-हाबरा (अप 33653/डाउन 33654), सियालदह-दत्तपुकुर (डाउन 33612), सियालदह-बंगांव जंक्शन (अप 33817/डाउन 33824), सियालदह-बारासात (अप 33431/डाउन 33432) और सियालदह-डानकुनी की कई लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। इस कारण मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। 26 जुलाई को चलने वाली बामनहाट-सियालदह उत्तरबंगा एक्सप्रेस (13148) अब डानकुनी-दमदम मार्ग के बजाय बंडेल-नैहाटी-दमदम मार्ग से चलेगी और बेलघरिया स्टेशन पर ठहरेगी। हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल (12344) तथा न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस (12378) भी इसी नए मार्ग से परिचालित होंगी। 27 जुलाई को बनगांव जंक्शन-सियालदह लोकल ट्रेन (33812) की समाप्ति दमदम कैंट पर होगी, जबकि सियालदह-बनगांव जंक्शन लोकल (33813) दमदम कैंट से प्रारंभ होगी। इसी तरह बनगांव जंक्शन-सियालदह लोकल (33814) ट्रेन बारासात पर समाप्त होगी और सियालदह-बनगांव जंक्शन लोकल (33815) बारासात से शुरू होगी। इसके अलावा, पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस (22202) की यात्रा को पुनर्निर्धारित करते हुए इसे तीन घंटे 30 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। यह ट्रेन अब पुरी से रात 11:15 बजे रवाना होगी, जबकि पहले यह 7:45 बजे चलती थी। इस दौरान इसे बड़ानगर रोड स्टेशन पर नियंत्रित किया जाएगा।

# आलू की कीमतों में गिरावट से किसानों, भंडारण इकाइयों का संकट बढ़ा : बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन (डब्ल्यूबीसीएसए) ने शुक्रवार को थोक आलू की कीमतों में भारी गिरावट पर चिंता जताई और किसानों एवं 'कोल्ड स्टोरेज' संचालकों को भारी वित्तीय नुकसान होने के बारे में आगाह किया। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में गहराते आर्थिक संकट को रोकने के लिए तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की मांग की। डब्ल्यूबीसीएसए के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ने कहा कि थोक और खुदरा कीमतों के बीच बढ़ता अंतर किसानों पर भारी दबाव डाल रहा है, जिनके पास इस साल लगभग 80 प्रतिशत आलू का भंडार है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आलू की खेती और भंडारण का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है। इस साल, राज्य के कोल्ड स्टोरेज में रिकॉर्ड

70.85 लाख मीट्रिक टन आलू रखा हुआ है, जिसमें पिछले मौसम में अंतर-राज्यीय आवाजाही पर प्रतिबंध के कारण 10 लाख टन अतिरिक्त अगेती किस्म का आलू भी शामिल है। अधिकांश भंडारण इकाइयां अब पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। संघ के उपाध्यक्ष सुभाजीत साहा ने कहा कि ज्योति किस्म का थोक मूल्य, जो मई में उतराई की शुरुआत के दौरान राज्य द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था, अब गिरकर नौ रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। साहा ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार 15 रुपये प्रति किलोग्राम का थोक मूल्य सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप नहीं करती, ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और किसान अगले साल बुवाई से हतोत्साहित होंगे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने किसानों से 11 लाख टन (या 2.2 करोड़ पैकेट) आलू खरीदने का अपना मार्च का वादा अभी तक पूरा नहीं किया है। डब्ल्यूबीसीएसए ने राज्य से कुछ सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया, जिनमें एमएसपी पर तत्काल खरीद, अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आलू व्यापार को बढ़ावा देना और मध्याह्न भोजन जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं में आलू को शामिल करना शामिल है। इसने राज्य के बाहर स्टॉक की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए परिवहन सब्सिडी शुरू करने की भी सिफारिश की। राणा ने कहा कि अगर ये कदम तुरंत नहीं उठाए गए, तो मांग-आपूर्ति में असंतुलन पैदा होगा, बुवाई कम होगी, शीतगृहों का कम उपयोग होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। संघ ने चेतावनी दी कि ठोस नीतिगत समर्थन के बिना, राज्य की 10,000 करोड़ रुपये की आलू अर्थव्यवस्था को व्यापक संकट का सामना करना पड़ सकता है, जिसका असर किसानों, भंडारण इकाइयों और व्यापक ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

### मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा...
## 'हार के डर से वापस मत आओ, पलटवार करो'

**हुगली, समाज्ञा**

अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती ने शुक्रवार को राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर पलटवार करें। इस दिन, दौलतपुर स्थित भाजपा के हुगली जिला कार्यालय में एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति पीटे जाने के डर के साथ युद्ध के मैदान में नहीं उतर सकता। उन्होंने कहा कि मार खाने के बाद घर वापस मत लौटिए, यदि आवश्यक हो तो पलटवार कीजिए। आप पीटे जाने के डर के साथ युद्ध के मैदान में नहीं उतर सकते। चक्रवर्ती ने कहा कि आप पीछे खड़े होकर जंग नहीं जीत सकते। आपको निडर होकर मैदान में उतरना होगा। दिग्गज अभिनेता ने जमीनी स्तर पर सक्रियता की जरूरत

पर जोर दिया और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्रों में जमीन से जुड़े रहने को कहा। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं को अपना निजी 'व्हॉट्सऐप' नंबर दिया और कहा कि आपको जमीन से जुड़े रहना होगा। आप पीछे हटने का जोखिम नहीं उठा सकते। यदि पार्टी के भीतर कोई भी शिकायत है, तो मुझे सीधे बताएं। चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार महिलाओं को बुनियादी सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही है और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता और हमारे कार्यकर्ता जवाबी कार्रवाई करें।

### आसनसोल में सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत

**आसनसोल :** आसनसोल में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर एक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारण यातायात बाधित हो गया। आसनसोल दक्षिण थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आसनसोल से दुर्गापुर जाते समय काली पहाड़ी चौराहे पर एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने हत्यारे वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## बड़ाबाजार में तांत्रिक वस्तुओं को बेचने की आड़ में वन्यजीव अंगों की तस्करी, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में तांत्रिक वस्तुओं को बेचने की आड़ में वन्यजीव अंगों की तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। वन्यजीव अपराध ब्यूरो (वाइल्ड लाफफ क्राइम ब्यूरो) ने खरीदार की आड़ में वन्यजीव अंगों की तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बड़ाबाजार से दो विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया। जंगली सूअर के दांत, सांप का लिंग और समुद्री जीव सी फेन जब्त किया गया है। गिरफ्तार लोगों के नाम बिंदेश्वरी साव और मोहन गुप्ता हैं। बता दें कि तांत्रिक इस सी फेन का उपयोग काला जादू करने के लिए करते हैं। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपये से अधिक है। बड़ाबाजार चौक

में एक बहुत पुरानी दुकान है। इसे सामने से देखने पर यह एक जौहरी की दुकान जैसी दिखती है। स्वाभाविक रूप से, किसी को कुछ भी संदेह नहीं हुआ। वन्यजीव अपराध ब्यूरो को एक विशेष स्रोत से सूचना मिली कि एक जौहरी की दुकान की आड़ में वन्यजीव अंगों की तस्करी चल रही थी वे मंगलवार को वहां गए और विक्रेताओं से मोलभाव किया। उन्हें बताया गया कि वे अगले दिन दुकान पर आकर उन्हें ले जाएंगे। अधिकारियों ने कुछ अग्रिम राशि भी दी ताकि विक्रेताओं को शक न हो। बुधवार की दोपहर को नियत समय पर दोनों अधिकारी फिर दुकान पर पहुंचे। टीम के बाकी सदस्य बाहर इंतज़ार कर रहे थे। विक्रेता उन्हें खरीदार को सौंपने ही वाला था कि वे पकड़े गए। जब्त की गई वस्तुओं में 60 गाय के सांप के लिंग, 10 जंगली सूअर के दात और 250 समुद्री सी फेन शामिल हैं। माना जा रहा है कि इस गिरोह के पीछे एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हाथ है। ये कहां से लाए जा रहे थे? इनकी आपूर्ति कौन कर रहा है? वन विभाग गिरफ्तार लोगों से पूछताछ करके पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

## हावड़ा अदालत को मिली नई सात मंजिला इमारत, मुख्य न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला अदालत को अब एक नई सात मंजिला इमारत की सुविधा मिल गई है। शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम ने इस अत्याधुनिक भवन का औपचारिक उद्घाटन किया। इस भवन में अब से न्यायिक कार्यवाही संचालित की जाएगी, जिससे न्यायाधीशों, वकीलों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस उद्घाटन समारोह में कोलकाता हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश रविकृष्ण कपूर और शम्पा दत्ता, पश्चिम बंगाल सरकार के विधि मंत्री मलय घटक, हावड़ा की जिलाधिकारी पी. दीप प्रिया और पुलिस आयुक्त प्रवीन कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश ने

इस अवसर पर राज्य सरकार को इस परियोजना में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शीघ्र ही इसी परिसर में एक और भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इन दोनों भवनों को जोड़कर एक संपूर्ण न्यायालय परिसर का निर्माण किया जाएगा, जिससे न्यायिक प्रणाली को गति और सुविधा मिलेगी।

मुख्य न्यायाधीश ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधि मंत्री मलय घटक का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और साथ ही वकीलों, मुंशियों और आम नागरिकों से अदालत परिसर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान विधि मंत्री मलय घटक ने कहा कि तृणमूल सरकार के कार्यकाल में राज्यभर में कई नए अदालत भवनों का निर्माण हुआ है और पुराने भवनों का नवीनीकरण भी कराया गया है, ताकि जनता को न्याय की सुलभ व्यवस्था मिल सके।

इस मौके पर जिला जज अभिजीत सोम भी मंच पर उपस्थित थे। मुख्य न्यायाधीश ने लोक अदालतों के माध्यम से विवादों को सुलझाने की दिशा में भी पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि जिला जज और बार के सदस्य सहयोग करें तो लंबित मामलों को स्थानांतरित कर लोक अदालतों के जरिये निपटारा संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रयास पूरी तरह स्वैच्छिक होगा लेकिन इसकी शुरुआत की जा सकती है।

## बनगांव में बंद घर से कारोबारी का सड़ा-गला शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बनगांव थाना अंतर्गत गोबरापुर इलाके में एक बंद घर से कारोबारी का झूलता सड़ा -गला शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान आनंद विश्वास (54) के रूप में की गई है। उनका गांड़ापोता बाजार में पान का व्यवसाय है। पुलिस और परिवार का प्रारंभिक अनुमान है कि व्यवसायी ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में काफी हड़कंप मच गया है। परिवार और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आनंद विश्वास शनिवार को अपनी पत्नी और बेटी के साथ एक रिश्तेदार के घर गए थे। आनंद विश्वास उन्हें वहीं छोड़कर घर लौट आए। हालांकि, किसी को नहीं पता कि वह घर कब लौटे। हालांकि, उनसे फोन पर संपर्क करने की कई कोशिश की गई, लेकिन उनके रिश्तेदारों का फोन से संपर्क नहीं हो सका। गुरुवार की दोपहर को, उनके भाई के परिवार के सदस्यों को बंद घर से दुर्गंध आई और मक्खियां भिनभिनाती दिखीं। फिर, उन्होंने पंचायत सदस्यों और गांड़ापोता पुलिस चौकी को सूचित किया, पुलिस ने आकर बंद घर का दरवाजा तोड़ा, आनंद विश्वास का शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बनगांव अस्पताल भेज दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आनंद की बेटी की शादी आगामी फाल्गुन माह में होने वाली है और वह कुछ कर्ज में डूबे हुए हैं। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बेटी की शादी और कर्ज की चिंता के कारण आनंद ने आत्महत्या की होगी। हालांकि, बनगांव पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## गंगासागर में प्रशासन की मनाही के बावजूद समुद्र में नहाने गया युवक लापता, तलाश जारी

❑ **उत्तर प्रदेश से तीर्थ के लिए आया था श्रद्धालु, उफनते समुद्र में डूबा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावण मास के पावन अवसर पर गंगासागर पहुंचे उत्तर प्रदेश के एक तीर्थयात्री की समुद्र में डूबने से लापता होने की खबर है। बताया जा रहा है कि प्रशासन की सख्त हिदायतों के बावजूद युवक समुद्र में नहाने चला गया, जहां उफनती लहरों ने उसे लील लिया। घटना के बाद से युवक की तलाश के लिए पुलिस व आपदा मोचन बल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के करीब 25-30 तीर्थयात्रियों का दल गंगासागर स्थित कपिलमुनि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आया था। पूजा से पहले, दल में शामिल संदीप गौड़ नामक युवक ने प्रशासन की नजर बचाकर समुद्र में स्नान के लिए प्रवेश किया।

तभी, बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के चलते उफनती लहरों ने उसे बहा दिया। घटना की सूचना मिलते ही गंगासागर तट थाने की पुलिस, प्रखंड प्रशासन और आपदा मोचन बल (डीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंचीं। युवक की तलाश के लिए स्पीड बोट और गोताखोरों की मदद ली गई, लेकिन लहरों की तीव्रता के कारण तलाशी अभियान को शाम होते-होते रोकना पड़ा। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह से पुनः तलाशी अभियान शुरू किया, हालांकि खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।

## हावड़ा की मशहूर गायिका मौमिता देबनाथ की मौत में हत्या की आशंका

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ग्रामीण क्षेत्र की लोकप्रिय गायिका मौमिता देबनाथ की सड़क दुर्घटना में हुई मौत अब रहस्यमय बन गई है। गुरुवार शाम को मौमिता एक सिविक वॉलंटियर की बाइक पर बैठकर पनियारा से निमदिघी जा रही थीं, तभी बेलतला क्षेत्र में एक बस ने पीछे से उनको टक्कर मारी। टक्कर लगते ही बाइक पलट गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। बताया जा रहा है कि बस के पिछले पहिए के नीचे आकर मौमिता की मौत हो गई और वॉलंटियर को मामूली चोटें आईं। वहीं, मौमिता की मां रूपा देबनाथ का आरोप है कि यह एक सुनियोजित हत्या है। उन्होंने राजापुर थाने में एक सिविक वॉलंटियर और हावड़ा ग्रामीण पुलिस के एएसआई के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज

की है। मां का दावा है कि एएसआई से मौमिता का प्रेम संबंध था, मार्च 2025 में शादी तय थी, लेकिन उसका व्यवहार ठीक न लगने के कारण रिश्ता तोड़ दिया गया। इसके बाद से मौमिता को धमकियां मिल रही थीं, यहां तक कि 23 जुलाई को उस एएसआई ने घर आकर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने बताया कि हत्या और दुर्घटना दोनों मामलों की जांच जारी है, हालांकि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना की संभावना जतायी जा रही है।

### पार्क स्ट्रीट में लूट का विरोध करने पर वृद्ध पर धारदार हथियार से हुआ हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति का विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना नोना-पुकुर ट्राम डिपो के पास हुई। जानकारी के अनुसार, तीन अज्ञात हमलावरों ने वृद्ध व्यक्ति को घेरकर उनका मोबाइल और नकदी छीनने की कोशिश की। रतन लाल ने जब विरोध किया तो उनके साथ धक्का-मुक्की हुई और वे सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से कई वार किए। घायल रतन किसी तरह जान बचाकर भागते हुए मल्लिकबाजार क्रॉसिंग तक पहुंचे, जहां संयोग से एक पुलिस वैन खड़ी थी। पुलिस को पूरी घटना बताने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को तुरंत कोलकाता नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हत्या के प्रयास और लूट की कोशिश का मामला दर्ज किया है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### मिनाखां में जेरॉक्स सेंटर के आड़ में फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिनाखां थाने की पुलिस ने जेरॉक्स सेंटर के आड़ में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह को दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक लैपटॉप और फिंगरप्रिंट मशीन समेत कई सामान बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम बकीबिल्लाह गाजी और अब्दुल मतीन हैं। बताया गया है कि पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि बकचरा बाजार स्थित अमीनिया ज़ेरॉक्स सेंटर के पीछे अवैध रूप से फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। पुलिस ने वहां छापेमारी की और ज़ेरॉक्स सेंटर के मालिक बकीबिल्लाह गाजी और अब्दुल मतीन नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया। ज़ेरॉक्स सेंटर से एक लैपटॉप, एक फिंगरप्रिंट मशीन, आधार कार्ड के लिए आंखों की तस्वीर लेने वाली एक विशेष मशीन, आधार कार्ड बनाने के लिए कई सामान और कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### कालीगंज में बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कालीगंज में गोबरा पंचायत के बसत पुर गांव में 4.5 साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम छादू राय (40) है। मिली जानकारी के अनुसार, गत गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे बच्ची के माता-पिता खेत में मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। वे बहुत गरीब लोग हैं और छोटी बच्ची को घर पर छोड़ गए थे। माता-पिता के आधे रास्ते जाने के बाद, मां पानी की बोतल लेने घर गई। उस समय, उन्होंने पड़ोसी छादू राय को बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। बच्ची और आरोपी के कपड़ो खुले थे और वह बच्ची से दुष्कर्म करने की कोशिश कर रहा था। जब मां ने उसे रोका, तो आरोपी ने उसे पीटा और भाग गया। बाद में, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने उसे पोक्सो मामले में अदालत भेज दिया। आरोपी की मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### भागलपुर और दानापुर के बीच श्रावणी मेले के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भागलपुर और दानापुर के बीच अतिरिक्त श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। दानापुर से भागलपुर के लिए 03234 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 25, 26 और 27 जुलाई को दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 10:00 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 03233 भागलपुर-दानापुर स्पेशल ट्रेन 26, 27 और 28 जुलाई को रात 1:00 बजे भागलपुर से रवाना होकर सुबह 7:50 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन पूर्व रेलवे के सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे।

## बैंडेल में बीजेपी युवा मोर्चा का विरोध मार्च, पुलिस से झड़प, चार कार्यकर्ता हिरासत में

**हुगली :** बैंडेल में शुक्रवार को बीजेपी युवा मोर्चा ने कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और कार्यकर्ताओं पर हमलों के विरोध में रैली निकाली। यह मार्च कैंटीन बाज़ार मोड़ से शुरू होकर बैंडेल फाड़ी तक गया, जहां 5 सूत्रीय मांगों को लेकर स्मारक पत्र सौंपा जाना था। मार्च का नेतृत्व भाजपा के युवा नेता राजीव घरामी कर रहे थे। पुलिस को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन फाड़ी के पास पहुंचते ही पुलिस ने बैरिकेड लगाकर मार्च को रोकने की कोशिश की। इस पर पुलिस और कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की हुई। स्थिति तब उग्र हो गई जब महिला कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़कर थाना परिसर तक पहुंच बना ली। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने फाड़ी के ओसी को मांगपत्र सौंपा। मौके पर जिला भाजपा नेता सुरेश साव, गोपाल उपाध्याय सहित कई नेता मौजूद थे। घटना के कुछ घंटे बाद पुलिस ने दो महिला और दो पुरुष भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके घर से हिरासत में ले लिया। भाजपा ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और जल्द ही जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की चेतावनी दी।

## अलीपुर चिड़ियाघर में जानवरों की गणना पर केंद्रीय दल ने जताई संतोष

### पक्षियों की गिनती अभी बाकी, दस्तावेजों की भी हो रही जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर में जानवरों की गणना को लेकर गड़बड़ी के आरोप सामने आने के बाद गुरुवार को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की एक टीम निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम ने चिड़ियाघर के विभिन्न पिंजरों और पशु अस्पताल का दौरा कर जानवरों की प्रत्यक्ष गणना की। पहले दिन स्तनधारी और सरीसृप प्रजातियों की गिनती की गई, जिसमें प्राप्त आंकड़ों से केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल संतुष्ट नजर आया। सूत्रों के अनुसार, इन वर्गों में जानवरों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक पाई गई है, जबकि पक्षियों की गणना का कार्य अब भी बाकी है। इस निरीक्षण दल में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण,

वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक-एक प्रतिनिधि शामिल थे। चिड़ियाघर के निदेशक अरुण मुखर्जी ने टीम को सहयोग प्रदान किया। टीम ने चिड़ियाघर के सभी स्तनधारी और सरीसृपों के पिंजरों का निरीक्षण कर प्रत्येक जानवर की गिनती की और विवरण कागज पर दर्ज किया।

इसके अलावा, पशु अस्पताल में भर्ती जानवरों की स्थिति और संख्या का भी ब्यौरा तैयार किया गया। गणना प्रक्रिया में पूर्व निदेशक आशिष समंत को भी आमंत्रित किया गया था। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय टीम ने न केवल वर्तमान पशु-पक्षियों से जुड़ी फाइलें, बल्कि पिछले वर्षों की जानकारी और रिकॉर्ड भी मांगे हैं, ताकि किसी भी संभावित अनियमितता की गहराई से जांच की जा सके। गौरतलब है कि हाल ही में अलीपुर चिड़ियाघर में पशु गणना से जुड़े दस्तावेजों में कथित विसंगतियों को लेकर सवाल उठे थे। इसी संदर्भ में यह केंद्रीय जांच दल चिड़ियाघर पहुंचा है। पक्षियों की गिनती पूरी होने के बाद अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

## सावन में हावड़ा में पंचदिवसीय हनुमंत कथा से रामभक्ति में डूबा माहौल

**हावड़ा, समाज्ञा :** माहेश्वरी महिला संगठन, हावड़ा की ओर से पावन सावन मास के अवसर पर आयोजित पंचदिवसीय हनुमंत कथा के तृतीय दिवस पर धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से पूरा वातावरण राममय हो गया। कथा का शुभारंभ प्रतिदिन की भांति प्रातः 8 से 10 बजे तक मंत्रोच्चारण एवं वेदी पूजन के साथ हुआ। पूजन में मुख्य यजमान मनमोहन-निर्मला मल्ल, किशोर-मीना राठी, राम गोपाल-कांता मर्दा, प्रकाश-कुसुम मुंदड़ा तथा सह यजमान जगन्नाथ-कंचन भट्टड़, सुरेंद्र-मंजू मूंदड़ा, रजत-वंदना कतारूका शामिल रहे। दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक की कथा में परम पूज्य महंत श्री भरत शरण जी महाराज (रामायण वृंदावन) ने भक्तों को हनुमान जी की अद्भुत भक्ति और सेवा भाव की प्रेरणादायक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि जब हनुमान जी का प्रभु श्रीराम से मिलन

हुआ, तब उन्होंने कहा कि जीव में इतनी सामर्थ्य नहीं होती कि वह प्रभु को प्राप्त कर सके, यह तो प्रभु की करुणा है कि वे जीव के दोषों को नजरअंदाज कर उस पर कृपा करते हैं। उन्होंने सेवा की परिभाषा बताते हुए कहा कि सच्ची सेवा वही है जिसमें कोई स्वार्थ न हो। हनुमान जी जैसे समर्पण और निष्ठा हर भक्त में होनी चाहिए।

पूज्य महाराज श्री की अमृतवाणी से समस्त श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। उन्होंने यह भी कहा कि हनुमान जी पंचप्राण के रक्षक हैं - उन्होंने सुग्रीव और समस्त वानर-भालू सेनाओं के प्राणों की रक्षा की।

इस अवसर पर पूर्वांचल सहप्रभारी पारुल साबू, कोलकाता प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री सुशीला बागड़ी, अंचल के अध्यक्ष सहित कई बहनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। प्रसाद यजमान के रूप में सुनीता प्रहलाद राठी, रेनु मल्ल, आशा सुशील चांडक, प्रमिला बिहानी की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वागत समिति की सदस्याएं शोभा दमानी, निशा लड्ढा, संतोष पेड़ीवाल, मोहिनी गट्टानी, सुशीला बजाज एवं संगीता लढ़ा भी सक्रिय रूप से सहभागी रहीं।

## विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के अवसर पर फिक्की द्वारा 'एम्पावरिंग थ्रू स्किल्स' के चौथे संस्करण का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिक्की पश्चिम बंगाल स्टेट काउंसिल ने आज कोलकाता में विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के अवसर पर अपनी प्रमुख पहल 'एम्पावरिंग थ्रू स्किल्स: शेपिंग द फ्यूचर ऑफ वर्क इन द एरा ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज' के चौथे संस्करण का आयोजन किया। इस वर्ष के संयुक्त राष्ट्र के विषय 'युवा सशक्तिकरण एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से' के अनुरूप, इस सत्र में एआई-सक्षम उद्योग तत्परता पर प्रकाश डाला गया। इसमें भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण हेतु नई संभावनाओं और आवश्यक कौशल आवश्यकताओं की चर्चा की गई। पैनल चर्चा में कई उद्योग प्रमुख और विशेषज्ञ शामिल हुए, जिनमें तामोजॉय सेनगुप्ता, मार्केटिंग डायरेक्टर, बीटी; मानोशी रॉय चौधुरी, को-चेयरपर्सन, टेक्नो इंडिया ग्रुप; अनीश चक्रवर्ती, चेयरमैन, सीकॉम स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं सीकॉम ग्रुप; और कल्याण देबनाथ, सीईओ, नियोतिया स्किल डेवलपमेंट एकेडमी शामिल थे। कार्यक्रम का समापन फिक्की की डिप्टी सेक्रेटरी जनरल, मौसमी घोष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसमें 100 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया, जिनमें उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षा विशेषज्ञ, प्रौद्योगिकी कंपनियां, प्रशिक्षण और कौशल विकास संस्थान शामिल थे।

## समर्पण ट्रस्ट का सम्मान समारोह 29 जुलाई को

### समाज सेवा एवं समाज निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियां होंगी सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** समर्पण ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'समर्पण ट्रस्ट सम्मान समारोह' आगामी 29 जुलाई को भव्य रूप से संपन्न होगा। यह आयोजन होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, कोलकाता में सायं 4:30 बजे से आरंभ होगा। इस सम्मान समारोह में समाज सेवा, दानशीलता, प्राकृतिक चिकित्सा, स्त्री सशक्तिकरण एवं समाज निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को समर्पण समाज गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मान प्राप्त करने वाली प्रमुख विभूतियों में सजन बंसल (भामा जी शाह समर्पण समाज गौरव सम्मान - दानशीलता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु), डॉ. लक्ष्मण पल्ली (आचार्य लक्ष्मना जी शर्मा प्राकृतिक चिकित्सा समर्पण समाज गौरव सम्मान - प्राकृतिक चिकित्सा

में समर्पित सेवा के लिए), रामानंद रूस्तगी (पुष्करलाल जी केडिया समर्पण समाज गौरव सम्मान - समाज निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु), राजेश सोंथलिया (रामकिशन जी दिनोदिया समर्पण समाज गौरव सम्मान - सामाजिक चेतना और सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका के लिए), पुष्पा मूंधड़ा (सेठ सूरजमल जालान समर्पण समाज गौरव सम्मान - महिला सशक्तीकरण हेतु अनवरत प्रयासों के लिए) शामिल है। संवाददाता सम्मेलन में ट्रस्ट के सभापति दिनेश बजाज, ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया पंकज भालोटिया, मनीष बजाज, गणेश अग्रवाल एवं संजय जैन उपस्थित थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आदित्यनाथ ने दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बनने पर मोदी को बधाई दी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे से सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बनने पर शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर सबसे लंबे कार्यकाल वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं। सबसे अधिक समय तक इस पद पर रहने का रिकार्ड प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 4,078 दिन की अखंड राष्ट्रसेवा कर्तव्य की कालजयी साधना बन चुकी है। आपका हर क्षण, हर निर्णय मां भारती के वैभव को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन प्रधानमंत्री जी!

### बिहार के समस्तीपुर में जमानत पर बाहर आये व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (बिहार) :** बिहार में समस्तीपुर जिले के पेठिया बाजार इलाके में जमानत पर बाहर आये हत्या मामले के एक आरोपी की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुमित कुमार उर्फ गुड्डू (22) के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार पांडेय ने पत्रकारों से कहा, ''घटना बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे हुई जब अज्ञात हमलावरों ने कुमार को गोली मार दी। उसे पास के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हत्या के एक मामले में संदिग्ध कुमार हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था।' उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पांडेय ने बताया कि हत्या के पीछे का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे निजी रंजिश हो सकती है।

### कुशीनगर में दो तस्कर गिरफ्तार, सवा करोड़ रुपये से अधिक का गांजा जब्त

**कुशीनगर (उप्र) :** कुशीनगर में पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और एक करोड़ 28 लाख रुपये का गांजा जब्त किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस ने बांसी के पास जांच के दौरान एक ट्रक से तस्करी कर ले जाया जा रहा कुल 565 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया और दो शातिर गांजा तस्करों साबिर अंसारी तथा विपिन कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है और ये लोग अलग-अलग राज्यों से गांजे की तस्करी कर ट्रक से उसे बिहार ले जाते हैं तथा वहां से गांजे को मांग के अनुसार अलग अलग जगहों पर बेच देते हैं। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

### मुजफ्फरनगर में नाबालिग लड़की के अपहरण-बलात्कार मामले में एक व्यक्ति को 20 साल कैद की सजा

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार से संबंधित मामले में एक व्यक्ति को 20 साल कारावास की सजा सुनाई और 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया। एक सरकारी अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता विक्रांत राठी ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉस्को अधिनियम) अलका भारती ने सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी एहतेशाम को 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण व बलात्कार का दोषी पाया। राठी के अनुसार, आरोपी ने आठ नवंबर, 2020 को जिले के छपार थाना अंतर्गत खुड्डा गांव में लड़की को सोते समय उसके घर से अगवा किया और दूसरी जगह ले जाकर उससे दुष्कर्म किया।

# मानसून सत्र के आखिरी दिन भी एसआईआर पर हंगामा, काले कपड़े पहनकर पहुंचा विपक्ष, नीतीश ने की आलोचना

## बिहार विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों के विधायकों द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में विधानसभा में शुक्रवार को काली शर्ट पहनकर आने पर उनकी आलोचना की। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नेता ने मानसून सत्र के अंतिम दिन अपनी नाराजगी जताई। यह सत्र मौजूदा विधानसभा का आखिरी सत्र था क्योंकि कुछ ही महीनों में बिहार चुनाव की घोषणा होने वाली है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल शुरू किया तो विपक्षी दल के सदस्य खड़े होकर (एसआईआर) के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, जिसके कारण विधानसभा में हंगामा हुआ। यादव ने मजाक में कहा, ''आज बारिश हो रही है। मौसम ठंडा है। आप लोग क्यों गरम हो रहे हैं? सदन को चलने दीजिए। आज आखिरी दिन है।' इसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी पर खड़े हुए और बोले, 'ये लोग

जो इतना शोर मचा रहे हैं उन्हें विधानसभा के कामकाज की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कभी कोई सार्थक काम नहीं किया है।'विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने जब इसका विरोध जताया तो सदन के 75 वर्षीय नेता (नीतीश कुमार) ने पलटवार करते हुए कहा, ''आप लोग काले कपड़े क्यों पहन रहे हैं? मैं पिछले कुछ दिनों से आप लोगों को ऐसा करते देख रहा हूं। क्या आपने पहले कभी ऐसा किया है?'' बिहार विधानसभा में दिलचस्प बात यह हुई कि नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) और उनकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई विधायक हेलमेट पहनकर सदन में आए थे और उन्होंने दावा किया था कि उन्हें डर है कि उपद्रवी विपक्षी सदस्यों से धक्का-मुक्की कर सकते हैं। अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से संयम बरतने का अनुरोध किया तथा उन्हें बताया कि सदन की कार्यवाही देखने के लिए स्कूल के कुछ बच्चों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन तब तक उनमें से कुछ सदस्य आसन के समीप आ चुके थे। हालांकि, कुछ विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा और रिपोर्टिंग स्टाफ के लिए रखे गए फर्नीचर को पलटने की कोशिश की। इसके बाद अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट के भीतर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### उत्तर प्रदेश में महिला श्रम भागीदारी दर सात वर्षों में 14 प्रतिशत से बढ़कर 36 फीसदी तक पहुंची

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में महिला श्रम भागीदारी दर सात वर्षों में 14 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिला आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा बदलाव सामने आया है। हाल ही में जारी महिला आर्थिक सशक्तिकरण (डब्लूईई) सूचकांक की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में महिला श्रम भागीदारी दर 2017-18 में 14 प्रतिशत थी, जो 2023-24 में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है, यानी महिलाओं की भागीदारी दर में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बयान में यह भी कहा गया कि यह परिवर्तन न केवल आंकड़ों में, बल्कि सामाजिक ढांचे व आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी के संबंध में हुए ऐतिहासिक बदलाव की ओर भी इशारा करता है। बयान में कहा गया है कि यह वृद्धि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण को लेकर किए गए कार्यों का परिणाम है। बयान के अनुसार 2017-18 में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थी, तब महिला श्रमशक्ति की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से भी काफी नीचे थी, लेकिन बीते सात वर्षों में राज्य सरकार ने महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पादक कार्य वातावरण देने की दिशा में निरंतर पहल की, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

### राजस्थान में सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा ढहने से सात छात्रों की मौत

**पटना :** झालावाड़ (राजस्थान), 25 जुलाई (भाषा) राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा ढहने से सात बच्चों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के पीपलोदी सरकारी स्कूल में हुई। बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे तभी छठी और सातवीं कक्षा की छत ढहने से इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिसमें लगभग 35 बच्चे दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 7.45 बजे इस त्रासदी की सूचना मिली। घटना के बाद, दांगीपुरा और मनोहरथाना थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। मनोहरथाना के प्रभारी नंद किशोर वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अब तक सात बच्चों की मौत हो चुकी है। झालावाड़ जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर पीपलोदी गांव के सरकारी स्कूल में बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे, तभी छठी और सातवीं कक्षा की छत ढह गयी। घटना के बाद मलबे का ढेर लग गया। घबराए हुए शिक्षकों, अभिभावकों व आसपास के अन्य लोगों ने बच्चों को मलबे से निकालना शुरू किया। डांगीपुरा थाने के एक पुलिसकर्मी ने बताया कि जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान पायल (12), हरीश (8), प्रियंका (12), कुंदन (12), कार्तिक, मीना (12) और उसके भाई कान्हा (6) के रूप में हुई है।घायलों को झालावाड़ अस्पताल और मनोहरथाना स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि करीब 12 छात्रों का अब भी इलाज जारी है।

### संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हटाने का आश्वासन सराहनीय : मायावती

लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संसद में संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष नहीं हटाने से संबंधित केंद्रीय कानून मंत्री के बयान की शुक्रवार को सराहना की।पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 'एक्स' पर लिखा, देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इसपर विचार किया जा रहा है।उन्होंने लिखा, यह हमारी पार्टी बसपा सहित देश व दुनियाभर में उन सभी लोगों के लिए राहत राहत की खबर है, जो परमपूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के संविधान में इस प्रकार के किसी भी अनुचित बदलाव या छेड़छाड़ के पूरी तरह विरुद्ध हैं और ऐसी उठने वाली गलत मांग को लेकर चिंतित भी थे।मायावती ने कहा, यह सर्वविदित है कि हमारा देश हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी आदि विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों का विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और दुनियभार में संविधान के जरिए विविधता में एकता इसकी एक अलग पहचान है।कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बृहस्पतिवार को एक लिखित उत्तर में कहा था कि कुछ राजनीतिक या सार्वजनिक हलकों में चर्चा या बहस हो सकती है, लेकिन इन शब्दों में संशोधन को लेकर सरकार द्वारा कोई औपचारिक निर्णय या प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा, सरकार का आधिकारिक रुख यह है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी या धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाने की वर्तमान में कोई योजना या इरादा नहीं है।

### धनबाद खदान हादसा: एनडीआरएफ और बीसीसीएल ने बचाव अभियान शुरू किया

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद में बंद पड़ी एक कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान कथित रूप से फंसे खनिकों को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की एक संयुक्त टीम ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार देर शाम खनिकों की तलाश के असफल प्रयास के बाद, एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय दल और बीसीसीएल खदान बचाव शाखा के 15 सदस्यीय दल ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 30 मिनट पर अभियान शुरू किया। इस बीच, बाघमारा में बीसीसीएल की ब्लॉक-2 की बंद पड़ी भूमिगत खदान के कथित रूप से ढहने की घटना को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कई नेताओं ने इस घटना में अनेक लोगों की मौत होने का दावा किया है। गिरिडीह के सांसद सी. पी. चौधरी द्वारा घटनास्थल पर तत्काल बचाव अभियान शुरू किये जाने की मांग को लेकर बाघमारा थाने पर धरना दिए जाने के बाद बुधवार को एनडीआरएफ को तैनात किया गया। बाघमारा थाने के प्रभारी अजीत कुमार ने कहा, ''सांसद ने तीन जगहों को चिह्नित किया है जहां लोग संदिग्ध रूप से फंसे हो सकते हैं। इनमें से एक जगह पर बचाव अभियान शुरू हो गया है और जल्द ही अन्य जगहों पर भी अभियान चलाया जायेगा।'' यह घटना 22 जुलाई की शाम को तब हुई, जब ब्लॉक 2 में भूमिगत बंद खदान की छत ढह गई, जिसमें कई श्रमिक कथित तौर पर फंस गये थे।

### अयोध्या में सड़क पर छोड़ी गई 80 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में बृहस्पतिवार देर रात 80 वर्षीय महिला को सड़क पर छोड़ी गई महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के निकट हुई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा से उतारकर वहां से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार, उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, लेकिन अंधेरे के कारण उन लोगों की पहचान नहीं हो पाई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस मृतक महिला की पहचान करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि महिला की गर्दन में गंभीर चोटें आई थीं और हो सकता है कि वह वह कैंसर से पीड़ित हो। अयोध्या के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) सी.पी. त्रिपाठी ने कहा, अब तक की जांच में पता चला है कि बुजुर्ग महिला को उसके रिश्तेदार देर रात ई-रिक्शा में लाए थे, और फिर उसे सड़क किनारे छोड़कर चले गए। सूचना मिलने के बाद, पुलिस महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा में लाकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया। ई-रिक्शा में सवार लोग उसके ऊपर कंबल डालकर तुरंत वहां से चले गए। त्रिपाठी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## न्यूज अपडेट

### एअर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी आने के बाद जयपुर हवाई अड्डे पर लौटा

**जयपुर :** एअर इंडिया का एक विमान शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद जयपुर हवाई अड्डे पर लौट आया।एअर इंडिया के एक बयान के अनुसार, जयपुर से मुंबई जा रहा विमान एआई 612, संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद जयपुर लौट आया। बयान में कहा गया है, समस्या निवारण जांच की गई और यह एक गलत संकेत पाया गया। विमान को उड़ान के लिए मंजूरी दे दी गई और वह अपने गंतव्य मुंबई के लिए रवाना हो गया।

### बिहार के गयाजी में रिश्तेदारों ने की आईटीबीपी के जवान की पीट-पीटकर हत्या

**गयाजी (बिहार) :** बिहार के गयाजी जिले में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक जवान की कथित तौर पर उसके रिश्तेदारों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान संजय कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार यह घटना बृहस्पतिवार शाम वजीरगंज थाना क्षेत्र के बिहियां गांव में हुई। पुलिस के एक बयान में कहा गया, ''कुमार पर उसके ही रिश्तेदारों द्वारा हमला किए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।'' पुलिस ने घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया है।

### बलिया में नवविवाहिता की हत्या के आरोप में पति और सास गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नवविवाहिता की दहेज के लिए हत्या किए जाने के आरोप में शुक्रवार को उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सहतवार थाना क्षेत्र के पकहां गांव में दो माह पहले ही शादी के बंधन में बंधी रूबी (22) ने बुधवार की रात ससुराल के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रूबी की दो माह पहले ही अनिल चौहान से शादी हुई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि रूबी की मां की तहरीर पर शुक्रवार को मृतका के पति अखिलेश चौहान और सास के विरुद्ध संबंधित धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला की मां ने आरोप लगाया है कि रूबी को उसकी ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था तथा दहेज को लेकर ही उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बदायूं में ट्रैक्टर से कुचलकर कांवड ले जा रहे नाबालिग की मौत, कांवड़ियों ने जाम की सड़क

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर ट्रैक्टर की टक्कर लगने से कांवड़ ले जा रहे नाबालिग की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस घटना से नाराज कांवड़ियों ने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर में कथित तौर पर आग लगा दी और सड़क जाम कर दी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने मामला शांत कर यातायात बहाल करवाया। उझानी क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अपने जत्थे के साथ कांवड़ लेने जा रहा अंकित (14) बुटला मोड़ दोपहर करीब तीन बजे सड़क किनारे आराम कर रहा था, तभी कांवड़ियों के दूसरे जत्थे के ट्रैक्टर ने अंकित के ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। सीओ ने बताया कि टक्कर लगने के कारण आराम कर रहे अंकित व उसके साथी अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गए, जिससे अंकित की मौके पर मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद गुस्साए अंकित के जत्थे ने दूसरे जत्थे की ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगा दी और सड़क जाम कर दी।

### उदयपुर में एक व्यक्ति ने की पत्नी और दो बच्चों की हत्या, खुद भी की आत्महत्या

**जयपुर :** उदयपुर जिले के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार ओझा ने बताया कि दिलीप चितारा (40) ने कथित तौर पर अपनी पत्नी अलका (35) का गला घोंट दिया और अपने नाबालिग बेटों को जहर दे दिया और फिर खुद भी फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि मृतक के घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें आर्थिक तंगी का उल्लेख किया गया है और किसी अन्य को दोषी नहीं ठहराया है। उन्होंने बताया 'यह घटना बृहस्पतिवार रात की है लेकिन इसका पता शुक्रवार को चला। परिवार किराए के मकान में रह रहा था। मकान मालिक ने बताया कि उसने आखिरी बार बृहस्पतिवार को दिलीप से बात की थी। दिलीप ने मकान मालिक को बताया था कि उसकी पत्नी की तबियत ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि जब आज परिवार का कोई सदस्य दिखाई नहीं दिया, तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचित किया।

### वीएलसीसी और स्किल इंडिया मिशन ने मिलाया हाथ, युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण और रोजगार

**कोलकाता :** देश के युवाओं को रोजगार के योग्य बनाने के लिए ब्यूटी और वेलनेस ब्रांड वीएलसीसी ने भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन से साझेदारी की है। इस पहल के तहत 1 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।वीएलसीसी ने योग्य छात्रों के लिए 100% नौकरी की गारंटी और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत तीन महीने के जॉब रेडी कोर्स भी शुरू किए जाएंगे, जिससे युवाओं को जल्दी रोजगार मिल सके।इस पहल के तहत देशभर में 14 नए ट्रेनिंग सेंटर भी खोले गए हैं, जिससे वीएलसीसी के संस्थानों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। यह कार्यक्रम खासतौर पर छोटे शहरों के युवाओं और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।वीएलसीसी के एमडी विकास गुप्ता ने कहा, हम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें अच्छे करियर विकल्प देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवा अहम : सैनी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को कहा कि भारत युवाओं का देश है और वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की कुंजी हैं।उन्होंने स्वीकार किया कि यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, लेकिन पूरा विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं की ऊर्जा और शक्ति से इसे सफलतापूर्वक प्राप्त किया जाएगा।सैनी कुरुक्षेत्र में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता तथा खेल मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 600 युवा प्रतिभागियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, विविध संस्कृतियों को समझने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का बहुमूल्य अवसर मिला है।मुख्यमंत्री

ने कहा, ''देश भर से युवा यहां आए हैं - कुछ उत्तर से, कुछ दक्षिण से, कुछ पूर्व और पश्चिम से।'' उन्होंने कहा, ''आपकी भाषाएं अलग-अलग हो सकती हैं, आपके खान-पान की आदतें अलग-अलग हो सकती हैं, और आपके लोकगीत और नृत्य अनोखे हो सकते हैं। लेकिन एक चीज़ जो हम सभी को एकजुट करती है, वह है भारतीय के रूप में हमारी पहचान। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत और हमारा साझा गौरव है।'' युवाओं को संबोधित करते हुए सैनी ने उद्देश्यपूर्ण और प्रभावशाली जीवन जीने के लिए पांच प्रमुख सफलता मंत्र साझा किए।उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखें, शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने के साधन के रूप में न देखें, बल्कि ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने के एक उपकरण के रूप में देखें, नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें, मूल्यों और अखंडता को कायम रखते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक के रूप में कार्य करें, तथा व्यक्तिगत विकास और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए प्रौद्योगिकी का बुद्धिमानी और रचनात्मक रूप से उपयोग करें।

# जदयू-भाजपा तेजस्वी की 'हत्या' की साजिश रच रहे : राबड़ी देवी

**पटना :** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने विधानसभा चुनाव से पहले उनके बेटे तेजस्वी यादव की 'हत्या' की 'साजिश' रची है। 'पीटीआई-वीडियो' से विशेष बातचीत में विधान परिषद में विपक्ष की नेता ने यह भी दावा किया कि तेजस्वी की हत्या की कोशिश पहले भी ''कम से कम दो, तीन या चार बार'' की जा चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता से एक दिन पहले विधानसभा के अंदर हुई घटनाओं के बारे में पूछा गया था जहां सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने निचले सदन में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ आक्रामक रुख दिखाया था। तेजस्वी यादव की मां ने

इस पर कहा, 'तेजस्वी की हत्या की कोशिश की जा रही है। बिहार में इतनी हत्याएं हो रही हैं, (वे चाहते हैं कि) एक और हत्या हो जाए। इस साजिश में जद (यू)-भाजपा के अलावा और कौन शामिल हो सकता है। वे उसे मार डालना चाहते हैं ताकि वह चुनाव में उन्हें चुनौती देने के लिए मौजूद नहीं रहे।'' उन्होंने कहा, ''तेजस्वी की हत्या की कोशिश पहले भी लगभग दो, तीन या चार बार हो चुकी है। एक बार तो एक ट्रक ने उनके वाहन को कुचलने की कोशिश की थी।' आगामी चुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव के विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद है। राबड़ी देवी से सदन के अंदर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गुस्से के बारे में भी पूछे जाने पर राबड़ी देवी ने कहा, 'नीतीश कुमार काले कपड़ों से वैसे ही भड़क उठते हैं जैसे लाल रंग देखकर सांड भड़क उठता है। हमने सदन के अंदर क्या गलत किया? कार्यवाही रिकॉर्ड हो चुकी है। स्कूली बच्चे दर्शक दीर्घा में बैठे थे। मैं सरकार को चुनौती देती हूं कि वह हमारी ओर से किसी भी तरह की लापरवाही साबित करे।' कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में विपक्षी विधायकों के सदन में काले कपड़े पहनकर आने पर आपत्ति जताई थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गुरुग्राम में आठ अवैध बांग्लादेशी प्रवासी हिरासत में लिये गए, निर्वासित किए जाएंगे

**गुरुग्राम :** अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए चलाये जा रहे एक अभियान के तहत आठ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस ने बताया कि इन लोगों के पास से कुछ भारतीय और बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत, पुलिस घरेलू कामगारों, रेहड़ी-पटरी वालों, किरायेदारों और झुग्गी-झोपड़ियों व निर्माण स्थलों पर रहने वाले लोगों की पहचान की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई है और उन्हें विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी पहचान पत्रों के अलावा, उनके पास से कुछ भारतीय दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

### नासिक सिंहस्थ 2027 के लिए रेलवे की तैयारी शुरू, 5 स्टेशनों पर 1011 करोड़ खर्च होंगे

**नई दिल्ली :** सिंहस्थ 2027 में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने नासिक और आसपास के 5 प्रमुख स्टेशनों पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने योजनाओं की समीक्षा की। नासिक रोड, देवलाली, ओढ़ा, खेरवाड़ी और कसबे सुकेणे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और ढांचे के विकास पर 1,011 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म विस्तार, नए फुटओवर ब्रिज, स्टेब्लिंग लाइन, शौचालय, पानी टंकियां, सूचना बोर्ड और होल्डिंग एरिया जैसे काम किए जाएंगे। सिंहस्थ में अनुमानित 3 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए देश भर से विशेष ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। रेलवे भीड़ प्रबंधन के लिए एआई आधारित निगरानी सिस्टम और कंट्रोल रूम भी बनाएगा।

### सीजीएसटी लुधियाना ने 260 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग घोटाले का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** लुधियाना के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्तालय के अधिकारियों ने मंडी गोबिंदगढ़ में कई स्थानों पर छापेमारी कर फर्जी बिलिंग घोटाले में लिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। यह गिरोह लौह और इस्पात क्षेत्र में पांच कंपनियों के जरिये फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने और पास करने में लिप्त था। मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में स्थित है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि तलाशी अभियान के दौरान अधिकारियों ने एक ऐसी कार्यप्रणाली का पर्दाफाश किया, जिसमें धोखाधड़ी करने वाले लोगों द्वारा कर्ज में डूबी रो-लिंग मिलों को खरीदा जाता था और उन्हें फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्राप्त करने व पास करने के लिए मुखौटे के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, ताकि जीएसटी प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके। छापेमारी के बाद 24 जुलाई को इन कंपनियों का संचालन करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान से आए 185 शरणार्थियों को गुजरात में भारतीय नागरिकता प्रदान की गई

**राजकोट :** गुजरात के विभिन्न हिस्सों में रह रहे पाकिस्तान के 185 शरणार्थियों को शुक्रवार को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। राज्य के कच्छ, मोरबी और राजकोट जिलों में रहने वाले इन शरणार्थियों को एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय नागरिकता प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी शामिल हुए। सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित इन 185 लोगों को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत नागरिकता प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि पाकिस्तान में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध जैसे अल्पसंख्यक समुदायों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वे कल्पना से परे हैं।

# भारत-मालदीव संबंधों की जड़ें सागर जितनी गहरी: प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के रक्षा मंत्रालय भवन का उद्घाटन किया

### भारत ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा की

**माले :** भारत ने शुक्रवार को मालदीव के लिए 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा की और जल्द ही एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को मालदीव का ''सबसे भरोसेमंद'' मित्र होने पर गर्व है। दो दिवसीय यात्रा पर माले पहुंचने के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए व्यापक वार्ता की। दोनों पक्षों ने मत्स्य पालन और कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, यूपीआई, भारतीय फार्माकोपिया और द्वीप राष्ट्र को भारत की रियायती ऋण सुविधा के क्षेत्र में छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, ''हमारे लिए सदैव मित्रता सर्वप्रथम है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे संबंधों की जड़ें इतिहास से भी पुरानी

# डीआरडीओ ने ड्रोन से दागे जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली एक मिसाइल का आंध्र प्रदेश में एक परीक्षण स्थल पर सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि यह परीक्षण कुरनूल में किया गया। सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ी मजबूती देते हुए, डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में मानवरहित यान से दागे जाने वाली सटीक मारक क्षमता वाली मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफल परीक्षण किया।'' यह मिसाइल पहले डीआरडीओ द्वारा विकसित यूएलपीजीएम-वी2 का उन्नत संस्करण है। यह मिसाइल विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। इसे मैदानी इलाकों और ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों दोनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मिसाइल दिन और रात दोनों समय में लक्ष्यों को भेदने की क्षमता रखती है और इसमें दो-तरफा डेटा लिंक है, जिससे प्रक्षेपण के बाद लक्ष्य अपडेट किया जा सकता है। मिसाइल तीन मॉड्यूलर वारहेड से लैस है जिसमें आधुनिक बख्तरबंद गाड़ियों को नष्ट करने के लिए बख्तरबंद रोधी प्रणाली है।

### आदिवासी अंचल को जोड़ेगा नया रेल रूट: नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद लाइन के लिए फाइनल सर्वे को मंजूरी

**नई दिल्ली :** आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद होते हुए नंदुरबार तक नई रेलवे लाइन के फाइनल सर्वेक्षण की मंजूरी दे दी है। 380 किलोमीटर लंबी इस प्रस्तावित लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह लाइन दिल्ली से मुंबई के बीच एक नया, छोटा और रणनीतिक रेल मार्ग उपलब्ध कराएगी जो दाहोद से होकर ताप्ती सेक्शन को मुख्य दिल्ली-मुंबई रूट से जोड़ेगा। यह परियोजना मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के छह शहरों को सीधे लाभ पहुंचाएगी। शहादा जैसे प्रमुख कस्बे को भी मार्ग में शामिल किए जाने की संभावना है।बांसवाड़ा, जो अब तक रेल संपर्क से वंचित था, खनिजों से भरपूर क्षेत्र है और माल ढुलाई की दृष्टि से बेहद उपयुक्त है। इस नई लाइन से न केवल माल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार के भी नए अवसर खुलेंगे।

# असम में अतिक्रमणकारियों में बिहार के लोग भी शामिल, उनके दावों का सत्यापन करेंगे : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि बिहार जैसे राज्यों से होने का दावा करने वाले लोग पूर्वोत्तर राज्य में सरकारी, वन और अन्य भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार इन लोगों का विवरण उन स्थानों के प्राधिकारियों के साथ साझा करेगी, जहां से होने का ये दावा कर रहे हैं ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वे वास्तव में ''सीमा पार'' से तो नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने गोलाघाट जिले के उरियमघाट में अतिक्रमण रोधी अभियान के लिए स्थलों का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जब हमने अतिक्रमणकारियों की सूची देखी, तो पाया कि ये लोग सिर्फ असम से नहीं हैं। इनमें कछार, श्रीभूमि, धुबरी, होजई, नागांव, मोरीगांव जैसे जिलों के लोग हैं, साथ ही बिहार के भी लोग हैं।'' शर्मा ने कहा, ''उन लोगों ने कहा है कि वे बिहार से हैं, लेकिन वे सीमा पार से भी हो सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि इन लोगों के नाम, पते और अन्य विवरण लिए जाएंगे तथा उस स्थान के अधिकारियों के साथ साझा किए जाएंगे जहां से वे आने का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यदि वे उस क्षेत्र के वास्तविक निवासी हैं, तो हमें उनसे कोई परेशानी नहीं है। परंतु वहां के स्थायी निवासी नहीं होने पर स्थानीय अधिकारी कदम उठा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि उरियमघाट में अतिक्रमणकारियों ने सैकड़ों बीघा वन भूमि पर कब्जा कर रखा है।

# किसी लड़की के साथ महज दोस्ती पुरुष को सहमति के बिना यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं देती: अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी लड़की के साथ महज दोस्ती किसी पुरुष को उसकी सहमति के बिना उसके साथ यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं देती। अदालत ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के व्यक्ति के दावे को खारिज कर दिया और कहा कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं मानी जाती है। अदालत ने 24 जुलाई के आदेश में कहा, ''सिर्फ इसलिए कि एक लड़की किसी लड़के से दोस्ती करती है, लड़के को उसकी सहमति के बिना उसके साथ यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं मिल जाता। इसके अलावा, मौजूदा मामले में सहमति भी विधिसम्मत नहीं होगी क्योंकि लड़की नाबालिग थी।'' अदालत ने प्राथमिकी में पीड़िता के विशिष्ट आरोपों और उसके विरोध के बावजूद उक्त व्यक्ति द्वारा बार-बार यौन उत्पीड़न किए जाने के बारे में उसकी गवाही को रेखांकित किया। आदेश में कहा गया है, ''मैं इसे सिर्फ़ इसलिए सहमति से संबंध बनाने का मामला नहीं मान रहा क्योंकि प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि आरोपी/याचिकाकर्ता ने अपनी मीठी-मीठी बातों से उससे दोस्ती की।'' न्यायाधीश ने कहा कि यह आरोपी को जमानत देने का उपयुक्त मामला नहीं है।''

# करीब 89 प्रतिशत रेल टिकट ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं : रेल मंत्री

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि रेल यात्री ऑनलाइन या कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों के माध्यम से आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं और करीब 89 प्रतिशत टिकट ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं। उन्होंने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा डिजिटल आरक्षण और करोड़ों संदिग्ध आईडी को निष्क्रिय करने से संबंधित हालिया पहल के बारे में पूछे गए सवालों के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वैष्णव ने कहा, ''टिकट बुकिंग प्रणाली में गड़बड़ियों को रोकने के लिए आईआरसीटीसी ने हाल ही में 2.5 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय कर दिया है, क्योंकि व्यापक डेटा विश्लेषण के दौरान उन्हें संदिग्ध पाया गया।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे वर्ष एक जैसा नहीं रहता और यह समय-समय पर बदलता रहता है। लोकप्रिय मार्गों और सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों में आम तौर पर अधिक भीड़ होती है। हालांकि, अन्य ट्रेनों में सीटें आम तौर पर उपलब्ध होती हैं। वैष्णव ने यात्रियों को कन्फर्म टिकट मुहैया कराने के लिए लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी।

# महिलाओं के 'अश्लील' चित्रण के कारण अल्ट, उल्लू समेत 20 से अधिक ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने विभिन्न कानूनों, खासकर महिलाओं के अश्लील चित्रण पर रोक से जुड़े कानून के उल्लंघन के कारण उल्लू, अल्ट और देसीफ्लिक्स समेत 20 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इस प्रतिबंध का उद्देश्य विशेष रूप से नाबालिगों के लिए अश्लील सामग्री की आसान उपलब्धता को रोकना तथा यह सुनिश्चित करना है कि डिजिटल सामग्री शालीनता व कानून की सीमाओं के अंदर रहे। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न कानूनों का उल्लंघन करने वाले ऐप में अल्ट, उल्लू, बिग शॉट्स ऐप, देसीफ्लिक्स, बूमेक्स, नवरसा लाइट, गुलाब ऐप, कंगन ऐप, बुल ऐप, जलवा ऐप, वाउ एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनेओ, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल ऐप, मूडएक्स, नियोनएक्स वीआईपी, फूगी, मोजफ्लिक्स और ट्राइफ्लिक्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वे भारत में इन वेबसाइटों तक सार्वजनिक पहुंच पर रोक लगाएं

# जाति जनगणना नहीं करवा पाना मेरी गलती, अब इसे सुधारने के प्रयास कर रहा हूं: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान जाति जनगणना नहीं करवा पाना उनकी गलती है, लेकिन अब उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा 'राजनीतिक भूकंप' है जिसने देश की राजनीतिक जमीन को हिलाकर रख दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां कांग्रेस के 'ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा, ''मै 2004 से राजनीति कर रहा हूं। जब मैं अपना मूल्यांकन करता हूं तो पाता हूं कि कहीं अच्छा काम किया तो कहीं कमी भी रह गई...आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों की बात हो, मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। महिलाओं के मुद्दे पर मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। लेकिन मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो एक बात स्पष्ट दिखती है कि एक चीज में कमी रह गई थी। यह एक गलती मैंने की, वह यह है कि ओबीसी वर्ग (के हितों की) रक्षा जिस तरह से करनी थी, वो मैंने नहीं की। इसका कारण यह है कि आपके मुद्दे मुझे उस समय गहराई से समझ नहीं आए थे।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''दलितों की कठिनाइयों को समझना आसान है...आदिवासियों के मुद्दे भी आसानी से समझ आ जाते हैं। लेकिन ओबीसी की मुश्किलें या मुद्दे आसानी से नहीं दिखते। मुझे अफसोस यह है कि अगर मुझे आपके इतिहास और मुद्दों के बारे में ज्यादा मालूम होता तो मैं उसी वक्त (कांग्रेस के सत्ता में रहते) जाति जनगणना करा देता। वो समय निकल गया। लेकिन मेरी गलती है। ...यह कांग्रेस की गलती नहीं, मेरी गलती है।''

# उदयपुर फाइल्स : केंद्र की मंजूरी के विरुद्ध उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का दिया गया निर्देश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वह फिल्म 'उदयपुर फाइल्स - कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज को लेकर केंद्र सरकार की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 28 जुलाई को सुनवाई करे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने कहा कि फिल्म रिलीज पर रोक लगाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की अपील निरर्थक है, क्योंकि उन्होंने केंद्र के 21 जुलाई के आदेश को स्वीकार कर लिया है जिसमें छह जगह दृश्यों को हटाने का सुझाव देने समेत 'डिस्क्लेमर' (अस्वीकरण) में संशोधन के साथ रिलीज को मंजूरी दी गई थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद को केंद्र के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय जाने का आदेश दिया गया। एक संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, फिल्म निर्माताओं की ओर से पेश हुए वकील सैयद रिजवान ने कहा कि मदनी और जावेद का यह दावा कि फिल्म में एक खास समुदाय को निशाना बनाया गया है और देश के सामाजिक ताने-बाने को खतरा है, ''उनकी कोरी कल्पना के अलावा कुछ नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''जब 'कश्मीर फाइल्स' रिलीज हुई, केरल स्टोरी रिलीज हुई, तब कुछ नहीं हुआ। जब पहलगाम हमला हुआ, जब पुलवामा आतंकी हमला हुआ, तब देश का सामाजिक ताना-बाना प्रभावित नहीं हुआ। हमारे देश का सामाजिक ताना-बाना कहीं अधिक मजबूत है।''

# देशभर में 200 से अधिक 'कैंसर डे केयर सेंटर' स्थापित किए जाएंगे: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद में कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में देशभर में 200 से अधिक 'डे केयर कैंसर सेंटर' (डीसीसीसी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिनमें आंध्र प्रदेश में 14 केंद्र शामिल हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) कैंसर पंजीकरण आंकड़े का उपयोग करके राष्ट्रीय स्तर पर विश्लेषण किया और केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषणा के अनुसार, राज्यों के परामर्श से 'डे केयर कैंसर सेंटर' की स्थापना की योजना बनाई। मंत्री ने बताया कि अधिक जोखिम वाले जिलों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने एवं दोहराव से बचने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) द्वारा उन्हें अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया, ''वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, देश भर में 200 से अधिक डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की मंजूरी दी गई है, जिनमें आंध्र प्रदेश में 14 ऐसे केंद्र शामिल हैं।'' जाधव ने संसद के निचले सदन में एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इस साल 20 जुलाई तक 30 वर्ष और उससे अधिक आयु की 25.42 करोड़ महिलाओं में से 10.18 करोड़ की गर्भाशय-ग्रीवा (सर्विकल) कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है।

# भारत, पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच सीधे संपर्क के बाद सैन्य संघर्ष रोकने पर बनी थी सहमति : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच, दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के मध्य ''सीधे संपर्क'' के परिणामस्वरूप 10 मई को संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी थी तथा इस संपर्क की पहल ''पाकिस्तान की ओर से की गई थी।'' विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या यह सच है कि ''भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पाकिस्तान के खिलाफ तीन दिन की (सैन्य) कार्रवाई के बाद अमेरिकी हस्तक्षेप के चलते हुआ था, जब संघर्ष में भारतीय सशस्त्र बलों का पलड़ा भारी था?'' लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया, ''हमारे सभी वार्ताकारों को एक ही संदेश दिया गया कि भारत का दृष्टिकोण -- लक्ष्य केंद्रित, संतुलित और तनाव न बढ़ाने वाला है।'' मंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान, 10 मई को ''दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सीधे संपर्क के परिणामस्वरूप गोलाबारी और सैन्य गतिविधि रोकने पर सहमत हुए। इस संपर्क की पहल पाकिस्तानी पक्ष द्वारा की गई थी।'' उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान और पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के अपने मुख्य लक्ष्य ''8 मई को ही हासिल कर लिए थे।''

# इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ लगातार दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने मोदी




**नयी दिल्ली :** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे नेता बन गए। अभी तब सबसे अधिक समय तक इस पद पर रहने का रिकार्ड प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे कर लिए। गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिन तक प्रधानमंत्री रही थीं। लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। मोदी और नेहरू, दोनों के नेतृत्व में उनकी पार्टियों को लगातार तीन लोकसभा चुनाव में जीत मिली। नेहरू 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 को निधन होने तक इस पद पर बने रहे और उनका कार्यकाल 6,130 दिन का रहा। राज्य और केंद्र में सरकार के निर्वाचित प्रमुख के रूप में मोदी पहले ही सबसे लंबे कार्यकाल को रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर 2014 में प्रधानमंत्री बने। आजादी के बाद जन्मे मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मोदी केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में दो कार्यकाल पूरे करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता हैं।

# राष्ट्रपति पद पर तीन साल : मुर्मू ने कहा, राष्ट्र की प्रगति से सबको जोड़ने का करती हूं प्रयास

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे करने पर कहा कि वह हमेशा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और पिछड़े वर्गों को देश की विकास यात्रा से प्रभावी ढंग से जोड़ने का प्रयास करती हैं। कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न पहलों को शुरू करने के मौके पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि राष्ट्रपति भवन दिव्यांगजनों के लिए अधिक सुलभ हो गया है। मुर्मू (67) ने 25 जुलाई 2022 को 15वें राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी । इसके साथ ही वह देश की आदिवासी राष्ट्राध्यक्ष बन गयी थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह संतोष की बात है कि पिछले तीन वर्षों में कई ऐसे निर्णय लिए गए और कार्य किए गए जिनसे नागरिकों का राष्ट्रपति भवन से जुड़ाव बढ़ा है। उन्होंने कहा, ''हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और पिछड़े वर्गों को देश की विकास यात्रा से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए।'' मुर्मू के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 'राष्ट्रपति संपदा' दिव्यांगजन-अनुकूल संपदा बन गई है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में कई नई पहल की जाएंगी। मुर्मू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान की 50 सूत्री सिफारिशों पर कार्यान्वयन के बाद राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय दिव्यांगजन अनुकूल परिसर बन गए हैं। मुर्मू ने मार्च 2027 तक राष्ट्रपति भवन को 'नेट जीरो' बनाने की पहल की शुरुआत की। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट अब 22 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति ने 250 से अधिक वस्तुओं की नीलामी के लिए 'ई-उपहार सीजन 2' की भी शुरुआत की । ई-उपहार राष्ट्रपति सचिवालय का एक नीलामी पोर्टल है जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति और भारत के पूर्व राष्ट्रपतियों को भेंट किए गए उपहार और वस्तुओं की नीलामी करना है। बयान में कहा गया है कि नीलामी से प्राप्त सभी आय बच्चों के कल्याण से जुड़ी पहलों को दान की जाएगी।

# शैक्षिक संस्थानों में आत्महत्याओं से निपटने के लिये शीर्ष अदालत ने देशव्यापी दिशानिर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली :** शैक्षिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में बढ़ोतरी को रेखांकित करते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इस समस्या से निपटने के लिए अखिल भारतीय दिशानिर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों और छात्र-केंद्रित वातावरण में विद्यार्थियों की आत्महत्या पर रोकथाम के लिए एक एकीकृत, लागू करने योग्य ढांचे के संबंध में देश में 'विधायी और नियामक शून्यता' बनी हुई है। पंद्रह दिशानिर्देश जारी करते हुए पीठ ने कहा कि ये उपाय तब तक लागू और बाध्यकारी बने रहेंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त कानून या नियामक ढांचा नहीं बनाया जाता। स भ ी शैक्षिक संस्थानों को 'उम्मीद' मसौदा दिशानिर्देशों, 'मनोदर्पण' पहल और राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति से प्रेरणा लेते हुए एक समान मानसिक स्वास्थ्य नीति अपनाने और लागू करने का निर्देश दिया गया। पीठ ने कहा, ''इस नीति की वार्षिक समीक्षा की जाएगी और इसे अद्यतन किया जाएगा। इसे संस्थाओं की वेबसाइटों और संस्थानों के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।'' शीर्ष अदालत ने इस स्थिति में कमी लाने के लिए केंद्र के निवारक कदमों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'उम्मीद' (अंडरस्टैंड, मोटिवेट, मैनेज, इंपैथाइज, एंपावर और विकसित करना) मसौदा दिशानिर्देश शामिल है, जिसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2023 में जारी किया गया था। इसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों की आत्महत्या को रोकना है। न्यायालय ने कहा कि व्यापक पहुंच के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी और उसके बाद छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए 'मनोदर्पण' अभियान शुरू किया। यह फैसला आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश के विरुद्ध अपील पर आया है, जिसमें विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय अभ्यर्थी की अप्राकृतिक मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी गई थी।

# रूट की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने भारत पर बनाया दबदबा

**मैनचेस्टर :** जो रूट (150) की शानदार शतकीय पारी और ओली पोप (71) व कप्तान बेन स्टोक्स (77 नाबाद) के सहयोग से इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 7 विकेट पर 544 रन बनाकर 186 रन की बढ़त हासिल कर ली।भारत की पहली पारी 358 रन पर सिमटी थी। रूट ने 248 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 150 रन बनाते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब सचिन तेंदुलकर (15921) के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने रिकी पोंटिंग (13378), राहुल द्रविड़ (13288) और जैक कैलिस (13289) को पीछे छोड़ा।रूट ने भारत के खिलाफ अपना 12वां टेस्ट शतक लगाया, जो इस देश के खिलाफ सर्वाधिक है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (11 शतक) को पीछे छोड़ा। यह उनके करियर का 38वां टेस्ट शतक है, जिससे वह संगकारा की बराबरी पर पहुंच गए हैं।भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि सिराज, बुमराह और कंबोज को एक-एक सफलता मिली। रूट को जडेजा ने स्टंप कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। बुमराह ने जैमी स्मिथ और सिराज ने क्रिस वोक्स का विकेट लिया।स्टोक्स 66 रन पर रिटायर्ड हर्ट हुए थे लेकिन फिर से बल्लेबाजी के लिए लौटे और 77 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ लियाम डॉसन (21*) क्रीज पर हैं। इंग्लैंड अब कोशिश करेगा कि वह बड़ी बढ़त लेकर भारत को अंतिम दो दिन दबाव में डाले।

## यूपी वॉरियर्स ने अभिषेक नायर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**मुंबई:** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी यूपी वारियर्स ने शुक्रवार को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। नायर को हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के सहायक कोच के पद से हटा दिया गया था। वह एक साल से भी कम समय तक भारतीय टीम से जुड़े रहे। वॉरियर्स में वह जॉन लुईस की जगह लेंगे जिनसे फ्रेंचाइजी ने हाल में नाता तोड़ दिया था। यह पहला अवसर नहीं है जबकि नायर वॉरियर्स की टीम के साथ काम करेंगे। वह टूर्नामेंट के पहले सत्र के दौरान भी टीम की मदद कर चुके हैं। नायर ने कहा, 'मैंने पहले यूपी वॉरियर्स के साथ काम करने का आनंद लिया था और मैं इस नई भूमिका को लेकर रोमांचित हूं। डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार मंच है और मैं एक मजबूत टीम बनाने के लिए प्रबंधन के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, उन्नति यामागुची से हारकर चाइना ओपन से बाहर

**चांग्झू (चीन):** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, लेकिन उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नती हुड्डा का शानदार सफर समाप्त हो गया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ को 40 मिनट में 21-18, 21-14 से आसानी से हरा दिया। इस जीत के साथ सात्विक-चिराग का मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 7-3 का जीत हार का रिकॉर्ड हो गया है। सात्विक और चिराग के सामने अंतिम चार चरण में मलेशिया की दुनिया की नंबर दो जोड़ी आरोन चिया-सोह वूई यिक की चुनौती होगी। इससे पहले उन्नति को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय उन्नति क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं।उनके बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

## फडे महिला विश्व कप में पहली बार कोई भारतीय खिलाड़ी होगा विजेता

**बितुमी (जॉर्जिया):** स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी। हम्पी और देशमुख दोनों ने यहां फाइनल में पहुंचकर अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बड़े मुकाबलों में खेलने के अपने अनुभव के आधार पर हम्पी फाइनल में हमवतन देशमुख के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। हम्पी ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में हराकर जीत हासिल की जबकि देशमुख ने अंतिम-चार चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की ही झोंगयी टैन को हराया। अड़तीस वर्षीय ग्रैंडमास्टर हम्पी विश्व महिला रैपिड टूर्नामेंट की विजेता थीं और हाल में महिला ग्रां प्री में भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। पिछले कई वर्षों में उनका जज्बा और दृढ़ संकल्प जरा भी कम नहीं हुआ है।

## पंत ने वो कर दिखाया जिसका दूसरे केवल सपना देख सकते हैं : डेविड गॉवर

**मैनचेस्टर:** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर को इस बात में जरा भी संदेह नहीं है कि वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं लेकिन उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत वो कर दिखाया है जिसका 'दूसरे केवल सपना देख सकते हैं'। खेल के सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से एक गॉवर ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट के दूसरे दिन पैर में फ्रेक्चर के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरने की प्रशंसा की। 68 वर्षीय गॉवर ओल्ड ट्रैफर्ड में चल रहे मैच के दौरान लंकाशर क्रिकेट क्लब के साथ काम कर रहे हैं। गॉवर ने पीटीआई को बताया, 'हमने हमेशा कहा है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ होते हैं। किसी वजह से जब आप बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हैं तो वे दाएं हाथ के बल्लेबाजों से ज्यादा शालीन लगते हैं। मैंने बचपन से ही बाएं हाथ के कई बेहतरीन बल्लेबाजों को खेलते देखा है जैसे गैरी सोबर्स। और जब मैं पहली बार कमेंट्री बॉक्स में आकर इनका जिक्र कर रहा था तो ब्रायन लारा शायद उनमें से सबसे बेहतरीन थे।' उन्होंने कहा, 'अब हमारे पास बेन डकेट नाम का खिलाड़ी है। उसकी शैली मुझसे बिल्कुल अलग है। लेकिन उसे देखना अद्भुत है। लेकिन जब आप इस श्रृंखला के संदर्भ में बात करते हैं तो आप ऋषभ पंत को नहीं भूल सकते।' गॉवर ने कहा कि अगर पंत श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो जाते हैं तो उनकी अनुपस्थिति में श्रृंखला नीरस हो जाएगी।

## भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने संन्यास लिया

**नयी दिल्ली:** भारतीय बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन संकेत दिया कि वह किसी अन्य भूमिका में खेल से जुड़ी रहेंगी। वेदा ने 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने क्रमशः 829 और 875 रन बनाए हैं। वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक, क्रिकेट ने मुझे जो भी सबक, लोग और यादें दीं हैं, उनके लिए आभारी हूं। अब खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है, लेकिन खेल को नहीं। हमेशा भारत के लिए। हमेशा टीम के लिए उपलब्ध रहूंगी।' कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन होयसला से शादी करने वाली 32 वर्षीय वेदा आखिरी बार 2020 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान देश के लिए खेली थीं। उनका आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 2018 में था। वेदा ने लिखा, ''क्रिकेट ने मुझे करियर से कहीं ज्यादा बढ़कर दिया। इसने मुझे अहसास कराया कि मैं कौन हूं। इसने मुझे लड़ना सिखाया, गिरना सिखाया और खुद को कैसे साबित करना है, यह सिखाया। आज मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूं।' बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वेदा का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच गुजरात जायंट्स के लिए पिछले साल महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ था। वह कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी कर चुकी हैं। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी गैर-विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा कैच लेने का संयुक्त रिकॉर्ड उनके नाम है।

## विश्व विश्वविद्यालय खेल: तीरंदाजों ने स्वर्ण सहित जीते तीन पदक, देव मीणा और अंकिता फाइनल में

**राइन-रूहर (जर्मनी):** भारत ने यहां चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में अब तक दिन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उसके तीरंदाजों ने मिश्रित कम्पाउंड स्वर्ण सहित तीन पदक जीते जबकि पोल वॉल्ट एथलीट देव मीणा ने अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार कर और अंकिता ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज हीट में शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तीरंदाजी में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से भारत के इन खेलों में कुल पांच पदक हो गए हैं। भारत ने मिश्रित टीम बैडमिंटन और महिला एकल टेनिस में कांस्य पदक जीते। भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते।

## आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप; जयपुर में प्राथमिकी दर्ज

**जयपुर:** आईपीएल की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल के खिलाफ एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में जयपुर में मामला दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के 27 वर्षीय क्रिकेटर पर पहले से ही गाजियाबाद की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगा रखा है। महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल से उसका पांच साल रिश्ता रहा और इस दौरान यश ने शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया। जयपुर के सांगानेर सदर के थानाधिकारी अनिल जैमन ने बताया कि ताज प्राथमिकी बुधवार को दर्ज की गई। उन्होंने शुक्रवार को बताया, यश दयाल के खिलाफ पास्को (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जैमन के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि खिलाड़ी ने पहली बार 2023 में उसके साथ दुष्कर्म किया था जब वह 17 साल की थी। आरोप लगाया गया है कि इसी साल अप्रैल में सीतापुरा इलाके के एक होटल में भी ऐसा ही हुआ था।



## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया: चौहान

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत ब्रिटेन को कृषि वस्तुओं पर कोई ऐसी शुल्क रियायत नहीं दी है जिससे घरेलू किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। चौहान ने बृहस्पतिवार को संपन्न इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है और असल में, इसका कृषि क्षेत्र पर 'बहुत' सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। अगले साल से लागू होने वाले इस समझौते में ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा, 'समझौते में उन वस्तुओं के लिए कोई (शुल्क) रियायत नहीं दी गई है जिनके आयात का हमारे किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।' भारत ने आलू, प्याज, टमाटर, लहसुन, मटर, गेहूँ, चावल, मक्का, काला चना, चना, उड़द, मूंग, मसूर, राजमा और अरहर जैसी वस्तुओं तथा देश में व्यापक रूप से उत्पादित अन्य अनाजों को इस समझौते के दायरे से बाहर रखा है। सोयाबीन, मूंगफली, सरसों तिलहन जैसी कृषि वस्तुएं भी नकारात्मक सूची में हैं। चौहान ने कहा, 'इसका मतलब है कि ये वस्तुएं ब्रिटेन से भारत में सस्ती नहीं आएंगी। इस तरह से किसानों के आर्थिक हितों की रक्षा की गई है।'

## आईटीसी नई विनिर्माण इकाइयों में 20,000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश: संजीव पुरी

**कोलकाता:** विभिन्न कारोबारों से जुड़ी आईटीसी लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विनिर्माण उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्यम अवधि में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन संजीव पुरी ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं से उत्साहित होकर, आपकी कंपनी ने हाल के दिनों में करीब 4,500 करोड़ रुपये के व्यय के साथ आठ विश्व स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं में निवेश किया है।'' पुरी ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, '' जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं आईटीसी की योजना मध्यम अवधि में विभिन्न व्यवसायों में 20,000 करोड़ रुपये निवेश करने की है।'' उन्होंने 2024 की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के भाषण में इस निवेश योजना की घोषणा की थी। यह निवेश दैनिक उपभोग की वस्तुओं के जुड़े क्षेत्र, टिकाऊ पैकेजिंग और निर्यातोन्मुखी मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में हो सकता है। पुरी ने कहा कि कंपनी अपनी 'भारत पहले' रणनीति को प्राथमिकता देगी। विदेशों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने से पहले घरेलू उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। आईटीसी के वैश्विक परिदृश्य पर पुरी ने दोहराया कि उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षाएं एक मजबूत घरेलू आधार पर टिकी हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारतीय ब्रांडों को वैश्विक मंच पर अपनी जगह बनानी चाहिए और इसके लिए, विदेशों में प्रभाव डालने से पहले, भारत में एक स्थायी विरासत स्थापित करनी चाहिए।' पुरी ने कहा कि नए ब्रांड पेश करने का उद्देश्य मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है।

### भारत, न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए अगले दौर की वार्ता सितंबर में करेंगे। दोनों देशों ने 25 जुलाई को यहां दूसरे दौर की वार्ता पूरी की। एफटीए वार्ता 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई थी। बयान के अनुसार, ''तीसरे दौर की वार्ता सितंबर 2025 में न्यूजीलैंड में आयोजित होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अंतर सत्रीय बैठकें दूसरे दौर में निर्धारित प्रगति को बनाए रखेंगी।'' दूसरे दौर में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश, उत्पत्ति के नियम, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं और व्यापार सुविधा, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और आर्थिक सहयोग सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 48.6 प्रतिशत अधिक है।

## ब्रिटेन के साथ एफटीए से भारत को फायदा, अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों की जरूरत: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। एफई मॉडर्न बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) शिखर सम्मेलन में यहां मल्होत्रा ने कहा कि बहुपक्षवाद अब बीते दिन की बात है और भारत को अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों (जैसे ब्रिटेन एफटीए) की जरूरत है। लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय बैंक की यह पहली टिप्पणी है। मल्होत्रा ने कहा, 'उम्मीद है कि ब्रिटेन के साथ एफटीए से हमें मदद मिलेगी... अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है।' उन्होंने साथ ही कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए जहां बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है ...भारत के लिए अन्य देशों के साथ ऐसे और अधिक समझौते करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई समझौतों पर बातचीत जारी है। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस पर लंदन में बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए गए। इससे दोनों देशों के लिए वस्तुओं और सेवाओं के बाजार खुलेंगे।

## एयर इंडिया ने प्रशिक्षण, मानक प्रक्रियाओं में सुधार कियाः सीईओ

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि एयरलाइन ने प्रशिक्षण एवं मानकों में सुधार करने के साथ ही सुरक्षा व अन्य मामलों की रिपोर्टिंग बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित किया हुआ है। विल्सन का यह बयान 12 जून को हुई भीषण विमान दुर्घटना की पृष्ठभूमि में आया है। इस हादसे में एयर इंडिया का बोइंग विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई थी। विल्सन ने दुर्घटना के बाद गहन पड़ताल के दौर को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि सभी टिप्पणियों को रचनात्मक रूप से लेना चाहिए। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने दुर्घटना के बाद कड़ी जांच का सामना किया है। इस दौरान उसने उड़ानों में अस्थायी कटौती और बोइंग 787 एवं 737 विमानों के बेड़े का निरीक्षण पूरा करने जैसे उपाय किए हैं। विल्सन ने कर्मचारियों को दिए एक संदेश में कहा कि एयर इंडिया ने हाल के वर्षों में प्रशिक्षण में सुधार, मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) लागू करने, मानकों को मजबूत करने और अनुपालन एवं निरंतरता लाने के लिए प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने रिपोर्टिंग को आसान, प्रोत्साहित और संरक्षित बनाकर उसमें सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.52 पर बंद

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.52 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 86.59 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 86.63 के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान रुपये ने 86.47 के ऊपरी स्तर को छुआ और अंत में 86.52 पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 12 पैसे की गिरावट है।

## न्यूज अपडेट

### स्पाइसजेट पांच बोइंग-737 विमान लेगी पट्टे पर

**नयी दिल्ली:** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने पांच बोइंग-737 विमानों को पट्टे पर लेने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये विमान अक्टूबर में कंपनी के बेड़े में शामिल होंगे। इन विमानों को 'डैम्प-लीज' के आधार पर शामिल किया जा रहा है, जहां परिचालन दल संचालक और विमानन कंपनी के बीच साझा किए जाएंगे। 'डैम्प-लीज' के तहत एक विमानन कंपनी (पट्टा देने वाली) अपना विमान किसी दूसरी विमानन कंपनी (पट्टा लेने वाली) को किराये पर देती है। इस व्यवस्था में विमान के साथ आमतौर पर चालक दल के सदस्यों जैसे पायलट और सह-पायलट आदि को भी साझा किया जाता है। विमानन कंपनी ने कहा कि उसने पांच बोइंग-737 विमानों को शामिल करने के लिए पट्टा समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। वे अक्टूबर में बेड़े में शामिल होने वाले हैं और सर्दियों के मौसम के साथ-साथ 2026 की गर्मियों की शुरुआत में भी सेवा देंगे। इसमें कहा गया, 'स्पाइसजेट अपने बेड़े को और बढ़ाने तथा घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय परिचालन को मजबूत करने के लिए अन्य पट्टादाताओं के साथ भी बातचीत कर रही है।' स्पाइसजेट, बोइंग 737 और क्यू-400 विमानों का संचालन करती है। कंपनी ने अपने बेड़े में वर्तमान में सेवा मुहैया कराने वाले विमानों की संख्या का उल्लेख नहीं किया।

### भारत में मलेशिया से पाम तेल निर्यात फिर बढ़ा, बाजार हिस्सेदारी 35 प्रतिशत हुईः एमपीओसी

**नयी दिल्ली:** भारत में मलेशिया से कच्चे पाम तेल का निर्यात थोड़ी सुस्ती के बाद मई और जून में फिर से बढ़कर 2.5 लाख टन प्रति माह हो गया। मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बेलविंदर स्रोन ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही भारत में मलेशिया की बाजार हिस्सेदारी 2023 के 30 प्रतिशत से बढ़कर 2025 की पहली छमाही में 35 प्रतिशत हो गयी है। स्रोन ने 'आईवीपीए ग्लोबल राउंड' टेबल के चौथे संस्करण में कहा कि अक्टूबर 2024 में मांग चरम पर पहुंचने के बाद एक बार फिर निर्यात में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि दिवाली से पहले मूल्य प्रतिस्पर्धा और त्योहारी स्टॉक फिर से तैयार करने के कारण तीसरी तिमाही में भी सकारात्मक रुझान जारी रहने की उम्मीद है। स्रोन ने बृहस्पतिवार को कहा, 'पिछले पांच वर्षों में, भारत में मलेशिया का कच्चे पाम तेल का निर्यात औसतन 25 लाख टन सालाना पर स्थिर रहा है।' सीईओ ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह वृद्धि दर साल के अंत तक जारी रहेगी।'

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर घटकर 695.49 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.18 अरब डॉलर घटकर 695.49 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर रह गया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3308 अंक 118, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in